
हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी






## छत्तीसगढ़ में फिर लहराया हरिभूमि का परचम
# एबीसी रिपोर्ट में फिर नंबर-1

जन सरोकार, जनहित और ज़मीन से जुड़ी पत्रकारिता ने दिलाया पाठकों का भरोसा

छत्तीसगढ़ में जनसरोकार की पत्रकारिता का प्रतीक बन चुका हरिभूमि एक बार फिर पाठकों की पहली पसंद साबित हुआ है। एसीबी ऑडिट ब्यूरो ऑफ सर्कुलेशन की जुलाई-दिसंबर 2025 रिपोर्ट के अनुसार हरिभूमि ने प्रदेश में प्रसार के मामले में अपने प्रतिस्पर्धियों से स्पष्ट बढ़त बनाई है।

**कुल प्रसार संख्या 3,65,385, जो अन्य प्रमुख अखबारों से काफी अधिक**

रायपुर। रिपोर्ट के मुताबिक रायपुर और बिलासपुर संस्करण मिलाकर हरिभूमि की कुल प्रसार संख्या 3,65,385 रही, जो अन्य प्रमुख अखबारों से काफी अधिक है। इसके मुकाबले दैनिक भास्कर 2,64,461 और पत्रिका 1,35,319 प्रतियों के साथ पीछे रहे।

रायपुर संस्करण में हरिभूमि की 2,33,011 प्रतियों की प्रसार संख्या रही, इनमें से 1552 प्रतियां ओडिशा की शामिल हैं। इन 1552 प्रतियों का प्रकाशन रायपुर संस्करण में कर ओडिशा भेजा जाता है, जबकि बिलासपुर संस्करण की 1,32,374 प्रतियां पाठकों तक पहुंचीं। यह आंकड़े बताते हैं कि प्रदेश में हरिभूमि के प्रति पाठकों का भरोसा लगातार मजबूत हो रहा है।

दरअसल, हरिभूमि की पहचान केवल एक अखबार के रूप में नहीं बल्कि जन सरोकारों की आवाज़ के रूप में बनी है। ग्रामीण इलाकों की समस्याओं से लेकर किसानों, महिलाओं, युवाओं और आम नागरिकों के मुद्दों को प्राथमिकता देना ही इसकी पत्रकारिता की पहचान रही है। विशेषज्ञ मानते हैं कि ज़मीन से जुड़ी खबरें, जनहित ▶▶|शेष पेज 5 पर

### भरोसा अब भी अखबारों पर

इलेक्ट्रानिक, सोशल मीडिया की बाढ़ के बावजूद प्रिंट मीडिया का दबादबा कायम है। विशेषकर हिंदी भाषी क्षेत्रों में अखबारों की खासी पूछपरख है। इसकी बड़ी वजह है विश्वसनीयता और प्रतिबद्धता। प्रिंट मीडिया आज भी आम और वंचितों के हक के लिए पूरी शिद्दत से मुखर है। हरिभूमि पाठकों के प्रति अपने दायित्व से कभी विमुख नहीं हुआ। यही वजह है कि हरिभूमि पर पाठकों का भरोसा कायम है।

**विश्लेषक बोले**

### जनपक्षीय पत्रकारिता का हरिभूमि उदाहरण

मीडिया विश्लेषकों का कहना है कि डिजिटल दौर की तेज़ प्रतिस्पर्धा के बीच भी यदि किसी अखबार की पाठक संख्या लगातार मजबूत बनी हुई है तो उसका कारण विश्वसनीयता और जनपक्षीय पत्रकारिता ही होती है, और ▶▶|शेष पेज 5 पर

## करोड़ों रुपए लाने ले जाने में होने वाली दिक्कत व नोटबंदी से बचने रकम को सोने के बिस्किट में किया तब्दील

# सालाना 12 करोड़ की लेवी वसूली, नक्सलियों के डंप से बरामद कैश और सोना इसी का हिस्सा

101 नक्सलियों के सरेंडर के साथ उनके डंप से 3.61 करोड़ कैश और एक किलो सोना की बरामदगी ने उनके अर्थ-नेटवर्क का खुलासा भी किया है। यह स्थापित सत्य है कि बस्तर के अलग अलग इलाकों से नक्सलियों ने लेवी वसूली के लिए नेटवर्क तैयार कर रखा था।

राजेश दास ▶▶| जगदलपुर

हरिभूमि फॉलोअप

एक अनुमान के मुताबिक 2024 से पहले तक नक्सलियों की सेंट्रल मिलिट्री कमीशन के निर्देश पर हर साल 12 करोड़ से अधिक लेवी वसूली व अंदरूनी इलाकों से अघोषित वसूली की जाती थी। नोटबंदी के बाद वसूली की राशि को ऊपर तक पहुंचाने में हो रही दिक्कत को देखते हुए नक्सली कैश को सोने में तब्दील कर रहे थे। दो दिन पहले करोड़ों रुपए नगद और एक किलो सोने के बिस्किट मिलने के बाद खुलासा हुआ है कि नक्सली अब भी जंगल में करोड़ों रुपए डंप किए हुए हैं, जिसे जल्द ही समर्पित नक्सलियों से पूछताछ के बाद बरामद किया जा सकता है।

नक्सल संगठन को इस दफे दण्डकारण्य स्पेशल जोनल एरिया में करोड़ों के नुकसान होने की खबर है। हर वर्ष 12 करोड़ की उगाही करने वाले माओवादी पिछले कुछ वर्षों से हर वर्ष 8 करोड़ ही वसूल ▶▶|शेष पेज 5 पर

आनंद का सच्चा भाव®

| | |
|---|---|
| 18 कैरेट रेट* (75.00%) | = ₹121097/- |
| 22 कैरेट रेट* (91.60%) | = ₹147900/- |
| 24 कैरेट रेट* (99.99%) | = ₹161447/- |

सोने का भाव* प्रति 10 ग्राम | GST Extra
anand Jewels
Pandri, Raipur
*Conditions apply



### हर घर से वसूली, सबके रेट फिक्स

माओवादियों ने वनांचल क्षेत्र में ग्रामीणों के ऊपर लेवी वसूली के लिए एक निर्धारित राशि तय कर रखी थी। नक्सलियों के रेट लिस्ट के मुताबिक प्रति वर्ष प्रत्येक घर से पार्टी चंदा के नाम पर 2 सौ से 6 सौ रुपए देना होता था। इसके अलावा जिसके पास दुपहिया वाहन है उसे 2 हजार रुपए, पिकअप वाहन वाले को 8 हजार रुपए, ट्रैक्टर को 6 हजार, मिक्सर मशीन 12 हजार रुपए, 16 पहिया ट्रक 24 हजार रुपए, 24 चक्का ट्रक 30 हजार रुपए तय किया गया है। इसके अलावा छोटा गल्ला व्यापारी 5 किलो कांटा तक 1 हजार रुपए, मध्यम गल्ला व्यापारी 10 किलो कांटा तक 2 हजार रुपए तथा बड़ा गल्ला व्यापारी 10 किलो कांटा से ऊपर 4 हजार रुपए फिक्स किया गया है।

### काउंट डाउन शुरू, 18 दिन शेष, 8 टॉप नक्सली समेत हिट लिस्ट में 50



*केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह के मार्च 2026 तक देश से नक्सलवाद के सफाए के एलान के बाद बस्तर संभाग में फोर्स नक्सलियों के सफाए के लिए लगातार उत्तर व दक्षिण बस्तर के कोर इलाके व अबूझमाड़ व नेशनल पार्क क्षेत्र में आपरेशन संचालित कर रही है। फोर्स के निशाने पर आठ वर्दीधारी नक्सलियों समेत लगभग 50 नक्सली हैं जिनसे लगातार समर्पण की अपील की जा रही है। ऐसा नहीं होने पर उन्हें फोर्स का सामना करना पड़ेगा। काउंट डाउन शुरू हो चुका है और बचे हुए नक्सलियों के पास केवल 18 दिन शेष हैं। इस तिथि के भीतर समर्पण नहीं करने पर इन 8 टॉप मोस्ट नक्सलियों समेत लगभग 50 नक्सली जो फोर्स की हिटलिस्ट में हैं उन्हे टॉरगेट किया जाएगा। बचे हुए इन नक्सलियों में 40-40 लाख के ईनामी किस्टाराम निर्मलगुड़ा निवासी एसजेडसीएम मेंबर व दक्षिण सब जोनल ब्यूरो प्रमुख पापाराव कुड़म उर्फ सुन्नम चंद्रैरया उर्फ मंगू दादा उर्फ चन्द्रना तथा एण्डापाट चिंतागुफा निवासी डीकेएसजेडसी मेंबर, सीवायपीसीएम कमाण्डर कम्पनी नम्बर 2 व पीएलजीए बटालियन नम्बर एक केसा सोढ़ी के अलावा 8-8 लाख के ईनामी पालामड़गू पोलमपल्ली निवासी डीवीसीएम दक्षिण बस्तर डिवीजन मिलिट्री कमाण्डर* ▶▶|शेष पेज 5 पर

## तस्करों के लिए सुरक्षित पनाहगाह बना कुसमी का दूरस्थ इलाका

# त्रिपुरी के बाद कोरंधा के खजुरी तुर्रीपानी में भी अफीम की खेती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबिकापुर

हरिभूमि लगातार

बलरामपुर जिले का कुसमी क्षेत्र अफीम की खेती करने वाले तस्करों की पनाहगाह बन चुका है। ऐसा इसलिए क्योंकि की कुसमी के त्रिपुरी गांव के बाद कोरंधा के खजुरी पंचायत अंतर्गत तुर्रीपानी में भी अफीम की खेती किए जाने की पुष्टि हुई है। छत्तीसगढ़ की सीमा पर बसे गांव में पहाड़ के नीचे तस्करों ने अफीम की फसल उगाई थी। बड़ी बात यह है कि इसमें से ज्यादातर फसल पककर तैयार हो गई और तस्कर इसमें से अफीम लासा, डोडा और डोडा पोस्त की तस्करी कर चुके है। तुर्रीपानी में भी साढ़े तीन एकड़ से भी अधिक भूमि पर खेती किए ▶▶|शेष पेज 5 पर



### सीएम साय ने 15 दिनों में मांगी रिपोर्ट

रायपुर। प्रदेश में अवैध रूप से अफीम की खेती का मामले सामने आने के बाद मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कड़ा रुख अपनाते हुए सभी जिलों के कलेक्टरों को अपने-अपने जिलों में संभावित क्षेत्रों का व्यापक सर्वे कराने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट रूप से कहा है कि यह सुनिश्चित किया जाए कि राज्य के किसी भी क्षेत्र में अवैध रूप से अफीम की खेती न हो रही हो। उन्होंने कलेक्टरों को निर्देशित किया है कि 15 दिवस के भीतर प्रमाण पत्र सहित विस्तृत जांच रिपोर्ट शासन को प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा है कि राज्य में अवैध मादक पदार्थों के उत्पादन और कारोबार के प्रति सरकार जीरो टॉलरेंस की नीति पर कार्य कर रही है और ऐसे मामलों में दोषियों के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### लासा, डोडा, जड़, तना समेत पौने पांच करोड़ का अफीम बरामद



*अम्बिकापुर। बलरामपुर जिले के कुसमी त्रिपुरी के घोसराडांड में तीन दिनों से चल रही पुलिस और जिला प्रशासन की कार्रवाई पूर्ण हो गई है। पुलिस ने पड़ती भूमि के खेत से अफीम जड़, तना, फूल पट्टी समेत कुल 43 क्विंटल से अधिक का मादक पदार्थ जब्त किया है जिसकी अनुमानित कीमत पौने पांच करोड़ रूपए आंकी गई है। इसके साथ ही पुलिस ने इस मामले में भाजपा नेता समेत सात लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अब इस सिंडिकेट से जुड़े अन्य तस्करों की तलाश में जुट गई है।* ▶▶|शेष पेज 5 पर

## आय के साथ सामाजिक-व्यावसायिक पद पर ध्यान जरूरी

**ओबीसी आरक्षण पर सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला**

# माता-पिता की सैलरी के आधार पर नहीं तय होगा ओबीसी क्रीमी लेयर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को अन्य पिछड़ा वर्ग के आरक्षण को लेकर एक बड़ा फैसला सुनाया है। शीर्ष अदालत ने स्पष्ट किया है कि किसी उम्मीदवार के क्रीमी लेयर में होने या न होने का निर्धारण केवल उसकी पारिवारिक आय के आधार पर नहीं किया जा सकता है। कोर्ट ने अपने फैसले में साफ किया है कि ओबीसी उम्मीदवारों के लिए 'क्रीमी लेयर' का फैसला सिर्फ उनके माता-पिता की सैलरी के आधार पर नहीं लिया जा सकता है। कोर्ट का कहना है कि सैलरी के साथ-साथ व्यक्ति के सोशल और प्रोफेशनल पोजिशन पर भी ध्यान देना जरूरी है।



सुनवाई के दौरान पीठ ने कहा, व्यक्ति के पदों और स्टेटस को देखे बिना, केवल सैलरी के आधार पर क्रीमी लेयर का दर्जा तय करना कानूनी दृष्टिकोण से नहीं है। वर्तमान नियमों के अनुसार, यदि किसी ओबीसी परिवार की वार्षिक आय 8 लाख रुपये से अधिक है तो उसे क्रीमी लेयर में माना जाता है। ऐसे उम्मीदवार सरकारी नौकरियों और शैक्षणिक संस्थानों में आरक्षण ▶▶|शेष पेज 5 पर

### किसे माना जाता है क्रीमी लेयर

बाद में सरकार ने ऐसे समूहों की पहचान करने के लिए 1993 में नियम बनाए। अभी, सालाना 8 लाख रुपए से ज्यादा कमाने वाला ओबीसी परिवार आम तौर पर क्रीमी लेयर का हिस्सा माना जाता है और आरक्षण पाने के अयोग्य हो जाता है। इस नियम का मकसद यह सुनिश्चित करना है कि कोटा मुख्य रूप से गरीब और ज्यादा पिछड़े ओबीसी ▶▶|शेष पेज 5 पर

### फैसले का असर

सुप्रीम कोर्ट के इस नए फैसले से सरकार पर क्रीमी लेयर की पहचान करने वाले 1993 के नियमों की समीक्षा करने का दबाव बढ़ सकता है। अदालत ने संकेत दिया है कि केवल पैसे को पैमाना मान लेना सामाजिक न्याय के व्यापक उद्देश्यों के खिलाफ हो सकता है। उदाहरण के लिए एक कम वेतन पाने वाला व्यक्ति भी अगर ऊंचे प्रशासनिक पद पर है तो उसकी सामाजिक स्थिति एक अमीर व्यापारी से भिन्न हो सकती है।

RUNGTA INTERNATIONAL SKILLS UNIVERSITY
27 YEARS OF DEVELOPING BRIGHT FUTURES
RUNGTA IAS
FOR THE IAS EDGE
RUNGTA IAS ACADEMY
Begin Your
IAS Journey with Your Degree
This integrated degree programme combines structured UPSC coaching, residential discipline, and mentorship from expert Delhi faculty to provide aspiring civil servants with a clear competitive advantage.
Rungta IAS Academy
Grand Launch
with Voices Inspiring the UPSC Dream
3 - Years B.A. Degree with IAS Coaching
10 Month IAS Coaching Programme
March 13 Friday 2026
10:00 AM onwards
VENUE: RUNGTA UNIVERSITY
Rungta Educational Campus,
Kohka-Kurud Road, Bhilai
Chhattisgarh



Chief Guest
Mr. Vikrant Massey
of 12th Fail Movie Fame.
Indian Actor



Guest of Honour
Mr. R.K. Vij, IPS
Former Director General of Police, C.G.
Deepak Advertisers
Our in-house faculties from Delhi
Mr. R Vijay — VAJIRAM & RAVI, DELHI — Society & Social Justice — 7+ Years Experience
Dr. Kumud Ranjan — RAU'S IAS, DELHI — Indian Polity & Constitution — 20+ Years Experience
Mr. Gajanan Dwivedi — RAU'S IAS, DELHI — World History — 13+ Years Experience
Mr. Pankaj Singh — RAU'S IAS, DELHI — Ancient, Medieval & Art & Culture — 10+ Years Experience
Mr. Alok Pathak — RAU'S IAS, DELHI — Science & Technology — 10+ Years Experience
Mr. Akshay Brat — RAU'S IAS, DELHI — Environment — 13+ Years Experience
Dr. Amit Ojha — VISION IAS, DELHI — Economics — 9+ Years Experience
Mr. C.S. Yadav — VISION IAS, DELHI — Internal Security — 10+ Years Experience
Miss Karuna Kaur — SRI RAM IAS, DELHI — Geography — 7+ Years Experience
Dr. K. Shiveash — SRI RAM IAS, DELHI — Modern Indian History — 20+ Years Experience
Mr. B.S. Danoji — BYJU'S, DELHI — Geography — 13+ Years Experience
Mr. Ankit Sharma — PW IAS, DELHI — Essay — 10+ Years Experience
Mr. A. Sridhar — SUBHRA IAS, DELHI — Ethics Integrity & Aptitude — 14+ Years Experience
LIGHTS. CAMERA. ACTION!
RESIDENTIAL FACILITY AVAILABLE




ALSO INTRODUCING THE SCHOOL OF
FILM & MEDIA
• B.VOC (FILM MAKING)
• DIPLOMA (FILM MAKING)
901777 8833 www.rungtaias.org

# स्टोरकीपर को बना दिया फार्मेसी काउंसिल का रजिस्ट्रार, हाईकोर्ट ने नियुक्ति निरस्त की

बिलासपुर। राज्य शासन ने फार्मेसी कौंसिल एक्ट व प्रावधान का उल्लंघन करते हुए सीनियर एमबीबीएस डाक्टर के बजाय अस्पताल के एक स्टोरकीपर व तृतीय वर्ग कर्मचारी को फार्मेसी काउंसिल में रजिस्ट्रार के महत्वपूर्ण पद पर नियुक्त कर दिया है। इस नियुक्ति को डॉ. राकेश गुप्ता ने रिट आफ क्वारंटो याचिका के माध्यम से हाईकोर्ट में चुनौती दी है। अंतिम सुनवाई के बाद कोर्ट ने



- फार्मेसी कौंसिल एक्ट मेडिकल साइंस का महत्वपूर्ण अंग

अश्वनी गुरदेकर की नियम विरुद्ध फार्मेसी काउंसल की नियुक्ति को निरस्त कर दिया है याचिकाकर्ता की ओर से एडवोकेट संदीप दुबे ने पैरवी की। इसमें कहा गया कि फार्मेसी कौंसिल नियमों के तहत रजिस्ट्रार के पद पर एमबीबीएस डाक्टर को नियमित नियुक्ति देने का प्रावधान है। याचिका में बताया गया कि फार्मेसी कौंसिल एक्ट मेडिकल साइंस का महत्वपूर्ण अंग है। राज्यों में इसका संचालन व क्रियान्वयन की जिम्मेदारी स्टेट फार्मेसी कौंसिल को है। इसमें फार्मासिस्ट को लाइसेंस जारी करना,उनका नाम रजिस्टर करना,फार्मेसी के क्षेत्र में कार्य करने की शिक्षा देने जैसे महत्वपूर्ण कार्य का संचालन व देखरेख करना होता है।

### नियमों के विपरीत की गई नियुक्ति

राज्य शासन ने फार्मेसी कौंसिल के रजिस्ट्रार के पद पर जिस व्यक्ति की नियुक्ति की है वह योग्य ही नहीं है और ना ही उसके पास रजिस्ट्रार के पद पर कार्य करने की योग्यता है। अस्पताल के एक स्टोर कीपर को रजिस्ट्रार जैसे महत्वपूर्ण पद पर नियुक्त कौंसिल एक्ट व तय प्रावधान का सीधेतौर पर उल्लंघन किया गया है। याचिका में कहा गया कि फार्मेसी कौंसिल एक्ट व प्रावधान के अनुसार कौंसिल के रजिस्ट्रार के पद पर सीनियर रिटायर्ड चिकित्सा अधिकारी को बैठाया जाता है। एक्ट में यह साफ लिखा हुआ है कि सीनियर रिटायर्ड चिकित्सा अधिकारी फार्मेसी कौंसिल के रजिस्ट्रार होंगे। राज्य शासन ने लेकिन नियमों विपरीत जाते हुए यह नियुक्ति कर दी है।

## कोटवार के पद पर खानदानी हक नहीं, योग्यता और चरित्र ही अहम

बिलासपुर। हाईकोर्ट ने कोटवारों की नियुक्ति को लेकर कहा है कि यह पद कोई वंशानुगत या खानदानी नहीं है, जिस पर केवल पूर्व कोटवार का बेटा ही हक जता सके। जस्टिस अमितेंद्र किशोर प्रसाद की सिंगल बेंच निकट संबंधी होने के नाते मिलने वाली प्राथमिकता केवल तभी लागू होती है जब अन्य सभी योग्यताएं समान हों। बेमेतरा जिले के नवागढ़ तहसील के ग्राम गनियारी में पदस्थ कोटवार खेलनदास पनिका का 6 नवंबर 2010 को निधन हो गया था। मृत्यु के बाद रिक्त पद के लिए उनके बेटे परदेशी राम और एक अन्य ग्रामीण रामबिहारी साहू ने आवेदन किया था। प्रशासनिक प्रक्रिया के बाद राजस्व अधिकारियों ने रामबिहारी साहू को इस पद के लिए अधिक उपयुक्त पाया और उसकी नियुक्ति कर दी। इस फैसले को परदेशी राम ने हाई कोर्ट में चुनौती दी थी। इसमें निकट संबंधी होने का हवाला देते हुए पिता की जगह अपनी नियुक्ति करने की मांग की थी।


### चरित्र साफ और बेहतर शिक्षा जरूरी

हाईकोर्ट ने इस मामले में दिए गए फैसले में कहा कि पुलिस रिपोर्ट के अनुसार परदेशी राम के खिलाफ वर्ष 1996 और 2013 में शांति भंग करने के आरोप में मामले दर्ज थे। कोटवार नियम 2 के तहत उम्मीदवार का चरित्र साफ होना अनिवार्य है। वहीं, याचिका के समय परदेशी राम की उम्र 54 वर्ष थी, जबकि कोटवार की सेवानिवृत्ति आयु 60 वर्ष है। वहीं, नियुक्त किए गए रामबिहारी साहू की उम्र 34 वर्ष थी। इस वजह से उसे लंबी सेवा के लिए अधिक उपयुक्त माना गया। इसके अलावा परदेशी राम केवल तीसरी कक्षा तक पढ़ा है, जबकि चयनित उम्मीदवार रामबिहारी साहू पांचवीं पास हैं। हाई कोर्ट ने माना कि बेहतर शिक्षा कर्तव्यों के निर्वहन में सहायक होती है। हाई कोर्ट ने कहा कि कोटवार का पद छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता, 1959 के तहत एक सांविधिक पद है। यह कोई निजी संपत्ति नहीं है जिसे वारिस को सौंप दिया जाए। सुप्रीम कोर्ट के विभिन्न मामलों का हवाला देते हुए कहा कि अनुच्छेद 226 के तहत हाई कोर्ट का काम यह देखना है कि निर्णय लेने की प्रक्रिया सही थी या नहीं। राजस्व मंडल व कमिश्नर के आदेश को सही बताते हुए याचिका खारिज कर दी गई।









बिलासपुर
शुक्रवार 13 मार्च 2026
चैत्र कृष्ण पक्ष दशमी
वर्ष : 25, अंक : 350
पृष्ठ : 10+6=16, मूल्य : 5.00***

मौसम
अधि. 38.4
न्यून. 21.7

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

# रायपुर से रीवा पहुंचना अब आसान, 17 से दोनों शहरों के बीच सीधी विमान सेवा, महज एक घंटे में पूरा होगा सफर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर और मध्यप्रदेश के विंध्य क्षेत्र के प्रमुख शहर रीवा के बीच अब सीधी हवाई सेवा शुरू होने जा रही है। क्षेत्रीय विमानन कंपनी एलायंस एयर 17 मार्च से इस नए रूट पर नियमित उड़ानें शुरू करेगी। इससे दोनों राज्यों के बीच यात्रा काफी आसान और तेज हो जाएगी। खास बात ये है कि अब मैहर माता के दर्शन और चित्रकूट जाना आसान होगा। साथ ही प्रयागराज और वाराणसी शीघ्र पहुंचना और सुगम ▶▶|शेष पेज 5 पर

### सप्ताह में तीन दिन उड़ान

उपलब्ध जानकारी के अनुसार यह उड़ान फिलहाल सप्ताह में तीन दिन- मंगलवार, गुरुवार और शनिवार को संचालित की जाएगी। इस रूट पर कंपनी एटीआर-72 विमान का संचालन करेगी। यह विमान कम दूरी के क्षेत्रीय मार्गों के लिए उपयुक्त माना जाता है और इसमें लगभग 72 यात्रियों के बैठने की क्षमता होती है।




### ये होगा शेड्यूल

जारी शेड्यूल के अनुसार नई दिल्ली से उड़ान भरकर दोपहर 12:30 बजे रीवा पहुंचेगी। इसके बाद रीवा से विमान दोपहर 3:15 बजे उड़ान भरकर शाम 4:15 बजे रायपुर पहुंचेगा। वापसी में रायपुर से विमान शाम 5 बजे रवाना होकर 6:15 बजे रीवा पहुंचेगा। इसके बाद रीवा से दिल्ली के लिए उड़ान 6:40 बजे प्रस्थान करेगी।

### किराया और बुकिंग

इस नए रूट के लिए टिकट बुकिंग भी शुरू कर दी गई है। शुरुआती किराया रीवा से रायपुर के लिए लगभग 3,614 रुपये और रायपुर से रीवा के लिए करीब 4,293 रुपये तय किया गया है। कंपनी का कहना है कि यात्रियों की मांग के आधार पर किराया और उड़ानों की संख्या में आगे बदलाव संभव है।

### क्षेत्रीय संपर्क को मिलेगा बढ़ावा

जानकारों के अनुसार रायपुर और रीवा के बीच सीधी उड़ान शुरू होने से छत्तीसगढ़ और विंध्य क्षेत्र के बीच व्यापारिक- धर्मिक गतिविधियों को भी नया प्रोत्साहन मिलेगा। रायपुर छत्तीसगढ़ का प्रमुख व्यापारिक और औद्योगिक केंद्र है, जबकि रीवा विंध्य क्षेत्र का महत्वपूर्ण शैक्षणिक और प्रशासनिक शहर माना जाता है। अब तक दोनों शहरों के बीच सीधी रेल या बस सेवाएं सीमित होने के कारण यात्रा में काफी समय लगता था।

### रीवा और पूरे विंध्य के विकास को नई गति मिलेगी : गौरव

इस संबंध में पूर्व राष्ट्रीय मंत्री भाजपा युवा मोर्चा गौरव तिवारी का कहना है कि यह विमान सेवा विंध्य क्षेत्र के विकास के लिए एक महत्वपूर्ण और सशक्त कदम है। छत्तीसगढ़ और विंध्य का संबंध सदियों से सांस्कृतिक और ऐतिहासिक रूप से जुड़ा रहा है, अब यह नई हवाई सेवा आर्थिक और व्यावहारिक दृष्टि से भी विकास को नई गति देगी। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी सोच के अंतर्गत शुरू की गई उड़ान योजना के माध्यम से छोटे शहरों को हवाई नेटवर्क से जोड़ने का जो संकल्प लिया गया, उसी का परिणाम है कि आज रीवा जैसे शहर भी नई उड़ान भर रहे हैं। मैं मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के सार्थक सहयोग तथा उप मुख्यमंत्री ▶▶|शेष पेज 5 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### आतंकवाद के मामले में एनआईए के छापे

**जम्मू।** एनआईए ने जम्मू कश्मीर के पुंछ जिले में आतंकवाद से जुड़ी साजिश के मामले की जांच के तहत कई स्थानों पर छापे मारे। 2024 में सीमावर्ती जिले में दो लोगों के पास से पिस्तौल और दो ग्रेनेड समेत हथियार एवं गोला-बारूद बरामद होने से जुड़ी एक आतंकवादी साजिश की जांच के सिलसिले में मोहल्ला खोरीनार और हरि-सुरनकोट में ये छापे मारे गए।

### सड़क दुर्घटना में दो की मौत, 24 घायल

**आगरा।** आगरा जिले के किरावली इलाके में ट्रक के एक वाहन से टकराने से वाहन सवार दो लोगों की मौत हो गई तथा 24 अन्य घायल हो गए। 11 और 12 मार्च की दरमियानी रात कुछ लोग नामकरण समारोह में शामिल होने के लिए एक वाहन से जा रहे थे। रास्ते में किरावली थाना क्षेत्र के दक्षिणी बाइपास पर उनकी गाड़ी जब सर्विस मार्ग पर आने के लिए मुड़ी, तभी पीछे से आ रहे एक ट्रक ने उसे जोरदार टक्कर मार दी।

*पीएम मोदी ने कहा-देश में ईंधन की कोई कमी नहीं*

# एलपीजी संकट पर सड़क से संसद तक संग्राम, सरकार बोली-न हों पैनिक

हरिभूमि सरोकार

ईरान के साथ अमेरिका और इजरायल की जंग की वजह से एलपीजी की किल्लत के बीच देश के कई शहरों में घरेलू गैस के ग्राहकों की लंबी कतारें सुर्खियों में हैं। यह मुद्दा अब सड़क से संसद तक पहुंच गया है। गैस संकट पर संसद में जोरदार हंगामा हुआ। पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा है कि घरेलू एलपीजी प्रोडक्शन को 25 प्रतिशत बढ़ा दिया गया है। इस बीच, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत में ईंधन की कोई कमी नहीं है और पैनिक करने की जरूरत नहीं है। इधर, छत्तीसगढ़ विधानसभा में भी तेल संकट का मुद्दा गरमाया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

भारत सरकार के विदेश, शिपिंग, पेट्रोलियम, सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने गुरुवार को देश में कच्चे तेल और गैस की किल्लत को लेकर जॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस की। सरकार ने माना कि देश में हालात चुनौतीपूर्ण हैं और घबराहट के कारण देशभर में सिलेंडर बुकिंग में कई गुना बढ़ोतरी देखी गई है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि भारत अपनी जरूरत का करीब 60 फीसदी एलपीजी आयात करता है, जिसमें से लगभग 90% सप्लाई स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से आती है। देश में रोजाना करीब 50 लाख एलपीजी सिलेंडर की डिलीवरी की जाती है। हालांकि उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि देश में कच्चे तेल की सप्लाई की स्थिति पूरी तरह संतोषजनक है और देश के करीब एक लाख पेट्रोल पंपों में ▶▶|शेष पेज 5 पर

### गैस संकट

- मध्य प्रदेश कॉमर्शियल सिलेंडर 4000 में बिक रहा
- बिहार में घरेलू सिलेंडर की कीमत पहुंची 1800 रुपए
- उत्तर प्रदेश में 1600 रुपए देने पर तुरंत मिल रहा सिलेंडर
- पंजाब में लोग सिलेंडर लेकर लाइनों में खड़े, फिर भी गैस नहीं मिल रही
- राजस्थान में रेस्टोरेंट बंद कर कर्मचारियों को घर भेजा जा रहा




### पीएम मोदी खुद घबराए हुए हैं : राहुल

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने दावा किया कि रसोई गैस की किल्लत को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लोगों से नहीं घबराने की अपील कर रहे हैं, जबकि वह खुद अलग कारणों से घबराए हुए हैं। राहुल गांधी ने संसद परिसर में संवाददाताओं से कहा, प्रधानमंत्री कह रहे हैं कि घबराने की जरूरत नहीं है, लेकिन खुद प्रधानमंत्री बिल्कुल अलग वजहों से घबराए हुए हैं।



### गांवों में अब 45 दिन में सिलेंडर कर सकेंगे बुक

ग्रामीण इलाकों के लिए सिलेंडर बुकिंग का नियम बदल दिया है। पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने संसद में बताया कि अब ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को एक सिलेंडर लेने के बाद अगला सिलेंडर 45 दिन बाद ही मिलेगा। यानी दो सिलेंडरों के बीच अब कम से कम 45 दिन का अंतर रखना जरूरी होगा। देश में पेट्रोल-डीजल और केरोसिन की कोई कमी नहीं है।



### होर्मुज पार कर मुंबई पहुंचा तेल टैंकर

पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच एक लाइबेरियाई ध्वज वाला कच्चे तेल का टैंकर, जिसकी कमान एक भारतीय कप्तान के हाथ में थी, रणनीतिक रूप से अहम होर्मुज जलडमरूमध्य को पार कर सुरक्षित रूप से मुंबई बंदरगाह पहुंच गया। यह टैंकर सऊदी अरब के रास तनुरा बंदरगाह से कच्चा तेल लेकर आया था। इस टैंकर ने 1 मार्च को सऊदी अरब के रास तनुरा पोर्ट से कच्चा तेल लोड किया था और 3 मार्च को वहां से रवाना हुआ।

### संसद के बाहर प्रदर्शन

कांग्रेस और कई अन्य विपक्षी दलों के सदस्यों ने देश में एलपीजी के कथित संकट को लेकर संसद परिसर में प्रदर्शन किया। संसद के मकर द्वार के निकट कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, द्रमुक और कई अन्य विपक्षी दलों के सांसद एकत्र हुए और उन्होंने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।

## एलपीजी गैस की किल्लत और महंगाई पर स्थगन अग्राह्य, गर्भगृह में पहुंचे कांग्रेसी विधायक निलंबित

कालाबाजारी के कारण लोग सड़कों पर लाइन में गैस के लिए खड़े हैं





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

विधानसभा में एलपीजी गैस की किल्लत और महंगाई को लेकर जमकर हंगामा हुआ। शून्यकाल के दौरान विपक्ष ने इस मुद्दे को जोरदार तरीके से उठाया, जिसके कारण सदन का माहौल गरमा गया। स्थिति को देखते हुए आसंदी ने सदन की कार्यवाही पांच मिनट के लिए स्थगित कर दी। शून्यकाल में चर्चा के दौरान नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत ने कहा, मुख्यमंत्री ने पहले आश्वासन दिया था कि ▶▶|शेष पेज 5 पर

### भूपेश ने राज्य सरकार की जिम्मेदारी बताई

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने जवाब देते हुए कहा, भले ही यह मुद्दा केंद्र से जुड़ा हो, लेकिन व्यवस्था तो राज्य सरकार को ही करनी होगी। उन्होंने कहा, राज्य की जनता गैस की कमी से परेशान है और इस विषय पर चर्चा जरूरी है।

### आसंदी ने किया अस्वीकार गर्भगृह में पहुंचे विपक्षी सदस्य

पांच मिनट के लिए कार्यवाही स्थगित होने के बाद विधानसभा की कार्यवाही दोबारा शुरू होने पर नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत ने कहा, अजय चंद्राकर के घर खाना बन रहा है, ये केंद्र का विषय है। कालाबाजारी हो रही है। लोग सड़कों पर लाइन में गैस के लिए खड़े हैं। भूपेश बघेल ने कहा, ▶▶|शेष पेज 5 पर

खेत में मिला दो किलो मादक पदार्थ

## पाकिस्तानी ड्रोन से गिराई 12 करोड़ की हेरोइन बरामद



एजेंसी ▶▶| जम्मू

जम्मू में अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास पाकिस्तानी ड्रोन द्वारा गिराई गई करीब दो किलोग्राम हेरोइन बरामद की गई है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 12 करोड़ रुपए आंकी गई है। अधिकारियों के अनुसार, जम्मू पुलिस और सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की 101वीं बटालियन ने बुधवार देर रात बिश्नाह क्षेत्र के बहादुरपुरा गांव में एक खेत से यह हेरोइन बरामद की।

### मामले की हो रही जांच

बिश्नाह पुलिस थाने में स्वापक औषधि एवं मनः प्रभावी पदार्थ अधिनियम (एनडीपीएस) की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। मामले की जांच जारी है। पुलिस ने नागरिकों, विशेष रूप से अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास रहने वालों से अपील की है कि वे अपने इलाके में होने वाली अवैध मादक पदार्थ गतिविधियों के बारे में जानकारी दें।

## पीएम मोदी ने ईरानी राष्ट्रपति से फोन पर बात की



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ईरान के राष्ट्रपति डॉ. मसूद पजशकियान से फोन पर बात की है। इस दौरान पीएम ने मिडिल-ईस्ट के हालात पर चर्चा की। मोदी ने क्षेत्र में बढ़ते तनाव, नागरिकों की मौत और सिविल इंफ्रास्ट्रक्चर को हुए नुकसान पर गहरी चिंता जताई।उन्होंने कहा कि मौजूदा स्थिति में भारतीय नागरिकों की सुरक्षा और सामान तथा ऊर्जा की बिना रोक आवाजाही भारत की शीर्ष प्राथमिकताएं हैं। पीएम ने शांति और स्थिरता के प्रति भारत ▶▶|शेष पेज 5 पर

## प्रदेश में 28 लाख उपभोक्ताओं का सरचार्ज माफ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- बकाया जमा करने पर दस फीसदी तक छूट भी

प्रदेश के 28 लाख से ज्यादा उपभोक्ताओं पर बिजली बिल का दो हजार करोड़ से ज्यादा का बकाया है। अब इन उपभोक्ताओं को बड़ी राहत देते हुए प्रदेश सरकार ने इनका सरचार्ज माफ करने का फैसला किया है। अब मुख्यमंत्री बिजली बिल समाधान योजना के तहत ऐसे ▶▶|शेष पेज 5 पर



### सूर्यघर योजना में सब्सिडी जारी

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा, प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के प्रति प्रदेश में लोगों की रुचि लगातार बढ़ रही है और अब तक लगभग 36 हजार लोग इससे जुड़ चुके हैं। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत 2 हजार 931 हितग्राहियों को 8 करोड़ 79 लाख रुपए की सब्सिडी भी जारी की।

आज संसद में हो सकता है पेश

## सीईसी को हटाने के नोटिस पर 200 सांसदों के हस्ताक्षर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पद से हटाने के प्रस्ताव के लिए 200 से अधिक सांसदों ने नोटिस पर हस्ताक्षर किए हैं। सूत्र के अनुसार, लोकसभा के 130 सांसदों ने और राज्यसभा के 63 सांसदों ने इस नोटिस पर हस्ताक्षर किए हैं। नोटिस शुक्रवार को संसद के किसी एक सदन में पेश किए जाने की संभावना है। हालांकि यह स्पष्ट नहीं है कि इसे किस सदन में पेश किया जाएगा। यह पहली बार है जब मुख्य निर्वाचन आयुक्त को हटाने के लिए इस तरह का नोटिस दिया जा रहा है।



### चुनाव आयुक्त के खिलाफ 7 आरोप

एक उच्च पदस्थ सूत्र के अनुसार, नोटिस में मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ सात आरोप लगाए गए हैं, जिनमें पद पर रहते हुए पक्षपातपूर्ण और भेदभावपूर्ण आचरण, चुनावी धोखाधड़ी की जांच में जानबूझकर बाधा डालना और बड़े पैमाने पर मतदाताओं को मताधिकार से वंचित करना जैसे आरोप शामिल हैं। विपक्षी दलों ने कई मौकों पर मुख्य निर्वाचन आयुक्त पर सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी की मदद करने का आरोप लगाया है।



## चिंतन

# संकट नहीं पर घरेलू गैस को लेकर अधीर हो रहे लोग

अमेरिका-इजराइल और ईरान के युद्ध का असर अब पूरी दुनिया पर दिखने लगा है। अमेरिका से लेकर यूरोप और जापान से लेकर चीन और भारत में तेल के दाम 100 डॉलर से ऊपर पहुंच गए हैं। तेल के दाम सीधे तौर पर आम आदमी की जेब पर असर डाल रहे हैं। भारत अपनी ऊर्जा जरूरत का बड़ा हिस्सा बाहर से मंगाता है, इसलिए हम पर दबाव अधिक है। हाल के वर्षों में सरकार ने अपने ऊर्जा आयात का विविधिकरण किया है, इसके बावजूद गैस का एक बड़ा हिस्सा खाड़ी देशों से ही आता है। होर्मुज जलडमरूमध्य में बढ़े खतरे की वजह से इस संकरे समुद्री मार्ग से टैंकरों का गुजरना खासा मुश्किल हो गया है। ईरान के साथ वार्ता के बावजूद अभी यह सौ फीसदी सुनिश्चित नहीं हो सका है कि भारतीय गैस टैंकर इस मार्ग से सुरक्षित आ सकेंगे या नहीं। दावा किया जा रहा है कि ईरान ने भारतीय झंडे वाले जहाजों को यहां से गुजरने की अनुमति दे दी है। इसके बावजूद स्थिति को लेकर संदेह बना हुआ है। भारत ने अपनी तेल जरूरतों को पूरा करने के लिए रूस से बड़ी मात्रा में तेल खरीदना शुरू कर दिया है। इसने देश में पेट्रोल व डीजल के संकट को लेकर आशंकाओं को खारिज कर दिया है। लेकिन, रसोई गैस बड़ी समस्या बनकर उभर रही है। सरकार ने व्यावसायिक उपयोग की रसोई गैस को लेकर कटौती की घोषणा की है, लेकिन घरेलू उपयोग की गैस 100 फीसदी उपभोक्ताओं को उपलब्ध कराने का भरोसा दिया है। इसके बावजूद लोगों की आशंकाओं ने ऐसी स्थिति उत्पन्न कर दी है, जैसे देश में घरेलू रसोई का संकट उत्पन्न हो गया हो। हालांकि, कुछ हद तक कालाबाजारी की खबरों ने लोगों को अधीर बना दिया है। जनता हर हाल में अपनी रसोई को गैस संकट से सुरक्षित करना चाहती है। तत्काल जरूरत न होते हुए भी लोग तुरंत ही दूसरा सिलेंडर भरवा लेना चाहते हैं। यही भावना गैस एजेंसियों पर भीड़ लगवा रही है। इससे ही यह संदेश जा रहा है कि देश में घरेलू गैस का संकट हो गया है। जबकि स्थिति ऐसी नहीं है। संसद में भी एलपीजी कमी के आरोपों पर सरकार व विपक्ष में टकराव देखने को मिला। हालांकि केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने ऐसी किसी भी कमी से साफ इनकार किया। पेट्रोलियम मंत्री ने कहा कि पिछले पांच दिनों में एलपीजी उत्पादन बढ़ाया गया है और देश में आपूर्ति सामान्य है। उन्होंने विपक्ष पर अफवाह फैलाने और झूठा नैरेटिव बनाने का आरोप लगाया। पुरी ने यह भी कहा कि भले ही भारत का पश्चिम एशिया के संघर्ष में कोई सीधा रोल नहीं है, लेकिन इसके असर से देश को निपटना पड़ रहा है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच चल रहा युद्ध दूरगामी प्रभाव डालने वाला है। उन्होंने कहा कि किसी भी देश की नींव उसकी ऊर्जा सुरक्षा होती है। यही नहीं, कई विपक्षी सांसदों ने संसद परिसर में कमर्शियल एलपीजी सिलेंडरों की कथित कमी को लेकर प्रदर्शन किया और सरकार से जवाब मांगा। कमर्शियल सिलेंडरों की कमी से देश के कई क्षेत्रों में होटल, मेस और ढाबे या तो बंद हो गए हैं या बंद होने वाले हैं। कई जगहों पर लकड़ी व कोयले की मांग भी बढ़ी है। कुल मिलाकर हालात चुनौतीपूर्ण तो हैं, लेकिन धैर्य से हर परेशानी दूर हो सकती है।



आर्थिकी
अनिरुद्ध प्रताप सिंह

कच्चे तेल की कीमतों में अचानक तेज बढ़ोतरी ने भारत की अर्थव्यवस्था के सामने एक नई चुनौती पैदा कर दी है। जब अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमत 110 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर पहुंच जाती है तो भारत जैसे बड़े आयातक देश के लिए इसका असर बहुत गहरा होता है। साल की शुरुआत में जहां कच्चा तेल लगभग 60 डॉलर प्रति बैरल के आसपास था, वहीं कुछ ही महीनों में इसकी कीमत लगभग दोगुनी हो गई है। भारत अपनी जरूरत का लगभग 85 प्रतिशत कच्चा तेल विदेशों से आयात करता है। ऐसे में अगर सप्लाई प्रभावित होती है तो ऊर्जा सुरक्षा पर सीधा असर पड़ सकता है। भारत के सबसे बड़ी समस्या फिलहाल पर्याप्त मात्रा में तेल और गैस की व्यवस्था करना है।

# कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों से चुनौती

कच्चे तेल की कीमतों में अचानक तेज बढ़ोतरी ने भारत की अर्थव्यवस्था के सामने एक नई चुनौती पैदा कर दी है। जब अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमत 110 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर पहुंच जाती है तो भारत जैसे बड़े आयातक देश के लिए इसका असर बहुत गहरा होता है। साल की शुरुआत में जहां कच्चा तेल लगभग 60 डॉलर प्रति बैरल के आसपास था, वहीं कुछ ही महीनों में इसकी कीमत लगभग दोगुनी हो गई है। भारत रोजाना लगभग 50 लाख बैरल कच्चा तेल आयात करता है। इसलिए कीमतों में इस तरह की बढ़ोतरी का सीधा मतलब है कि देश को तेल आयात पर पहले से कहीं ज्यादा पैसा खर्च करना पड़ेगा। इससे आयात बिल बढ़ेगा, चालू खाता घाटा बढ़ सकता है। इसका रुपये पर भी दबाव दिखाई दे रहा है। पश्चिम एशिया में चल रहे युद्ध और तनाव ने स्थिति को और जटिल बना दिया है। इस क्षेत्र से भारत को बड़ी मात्रा में तेल और गैस की आपूर्ति होती है।

अगर युद्ध लंबा खिंचता है और समुद्री मार्ग बाधित होते हैं, तो ऊर्जा आपूर्ति में गंभीर रुकावट आ सकती है। भारत के लिए यह एक चिंता का विषय है, क्योंकि देश के पास तेल और गैस के बड़े भंडार नहीं हैं। भारत अपनी जरूरत का लगभग 85 प्रतिशत कच्चा तेल विदेशों से आयात करता है। ऐसे में अगर सप्लाई प्रभावित होती है तो ऊर्जा सुरक्षा पर सीधा असर पड़ सकता है। भारत के सबसे बड़ी समस्या फिलहाल पर्याप्त मात्रा में तेल और गैस की व्यवस्था करना है। खास तौर पर फारस की खाड़ी के महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग स्ट्रेट आफ होर्मुज के बंद होने से स्थिति और गंभीर हो गई है। यह दुनिया का एक अहम तेल परिवहन मार्ग है, जहां से भारत के कुल आयातित तेल और गैस का लगभग 45 से 50 प्रतिशत हिस्सा आता है। अगर यहां से जहाजों की आवाजाही प्रभावित होती है तो भारत को अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए वैकल्पिक स्रोत खोजने पड़ेंगे। खबर है कि फिलहाल लगभग 30 मिलियन बैरल रूसी तेल समुद्र में जहाजों पर मौजूद है, जिसे खरीदा जा सकता है। लेकिन यह मात्रा भारत की विशाल ऊर्जा जरूरतों के मुकाबले बहुत कम है। भारत निश्चित रूप से रूस से और अधिक तेल खरीदने की कोशिश कर सकता है। हालांकि युद्ध की स्थिति में इसकी कीमत भी बढ़ सकती है। अगर विकसित देशों का समूह जी-7 अपने आपातकालीन तेल भंडार बाजार में जारी करता है तो वैश्विक सप्लाई थोड़ी बढ़ सकती है और कीमतों पर कुछ नियंत्रण आ सकता है। फिलहाल स्थिति अनिश्चित बनी हुई है और यह कहना मुश्किल है कि आने वाले समय में ऊर्जा की उपलब्धता कितनी स्थिर रहेगी। भारत सरकार भी इस चुनौती को समझ रही है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा है कि सरकार देश की ऊर्जा सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए हर संभव कदम उठा रही है। इसके बावजूद निकट भविष्य में कई उद्योगों को तेल और गैस की सीमित उपलब्धता का सामना करना पड़ सकता है। खास तौर पर औद्योगिक इकाइयों को मिलने वाली गैस की आपूर्ति में कटौती की संभावना जताई जा रही है। हालांकि सरकार यह सुनिश्चित करने की कोशिश कर रही है कि घरेलू उपयोग, पाइप्ड नेचुरल गैस और वाहनों के लिए सीएनजी जैसी प्राथमिक सेवाओं को पर्याप्त गैस मिलती रहे। एक और बड़ा सवाल यह है कि क्या पेट्रोल




और डीजल की कीमतें बढ़ाई जाएंगी। फिलहाल सरकार के सामने राजनीतिक और आर्थिक दोनों तरह की चुनौतियां हैं। कई राज्यों में चुनाव नजदीक होने के कारण सरकार तुरंत पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी नहीं करना चाहेगी। अगर अंतरराष्ट्रीय कीमतों में आई बढ़ोतरी को सीधे उपभोक्ताओं तक पहुंचाया जाता है तो इससे महंगाई बढ़नी तय है। सरकार कोशिश कर सकती है कि कुछ समय तक इस बोझ को खुद वहन करे और तेल विपणन कंपनियों को होने वाले घाटे की भरपाई करे। जब अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल महंगा होता है तो उससे आयातित वस्तुओं की कीमतें भी बढ़ जाती हैं। वैश्विक आर्थिक माहौल भी इस समय काफी अस्थिर है। पश्चिम एशिया में युद्ध की वजह से निवेशक सुरक्षित निवेश विकल्पों की ओर बढ़ रहे हैं।

ऐसे समय में अमेरिकी डॉलर को सुरक्षित मुद्रा माना जाता है, इसलिए इसकी मांग बढ़ जाती है। परिणामस्वरूप डॉलर मजबूत होता है। अमेरिकी सरकारी बॉन्ड की यील्ड भी बढ़ रही है, क्योंकि निवेशकों को डर है कि ऊर्जा कीमतों से पैदा हुई महंगाई के कारण अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व ब्याज दरों को लंबे समय तक ऊंचा बनाए रख सकता है। भारत में इस स्थिति का सबसे स्पष्ट असर रुपये पर दिखाई दे रहा है। कच्चे तेल की कीमतों में उछाल और डॉलर की मजबूती के कारण भारतीय मुद्रा कमजोर हो गई है। हाल ही में रुपया डॉलर के मुकाबले लगभग 92.33 के रिकॉर्ड निचले स्तर तक पहुंच गया था। अगर युद्ध और वैश्विक तनाव लंबे समय तक जारी रहता है तो रुपये पर और दबाव पड़ सकता है। कमजोर रुपया भारत के लिए दोहरी समस्या पैदा करता है। पहला, इससे आयात और महंगे हो जाते हैं। दूसरा, विदेशी निवेशकों का भरोसा भी कम हो सकता है। जब रुपये की कीमत गिरती है, तो विदेशी निवेशक भारतीय शेयर बाजार और बॉन्ड बाजार से पैसा निकालने लगते हैं। हाल के दिनों में भारतीय शेयर बाजार में गिरावट का एक कारण यही रहा है। अगर विदेशी निवेश लगातार बाहर जाता है तो इससे पूंजी बाजार में अस्थिरता बढ़ सकती है और निवेशकों का विश्वास कमजोर पड़ सकता है। इसके अलावा कंपनियों के लिए विदेशी कर्ज चुकाना भी महंगा हो जाता है। तेल की ऊंची कीमतों का असर सिर्फ वित्तीय बाजारों तक ही सीमित नहीं रहने वाला, बल्कि इसका असर उत्पादन और औद्योगिक गतिविधियों पर भी साफ दिखाई देगा। पेट्रोकेमिकल, परिवहन, उर्वरक, और बिजली उत्पादन जैसे कई उद्योग सीधे तौर पर तेल और गैस पर निर्भर होते हैं। जब ऊर्जा की लागत बढ़ती है तो इन उद्योगों के उत्पादन खर्च में भी वृद्धि होती है। इससे या तो कंपनियों के मुनाफे कम होते हैं या फिर वे कीमतें बढ़ाकर इसका बोझ उपभोक्ताओं पर डाल देती हैं।

इस तरह हम देखते हैं कि तेल की बढ़ती कीमतें पूरी अर्थव्यवस्था की गति को धीमा कर सकती हैं। उत्पादन महंगा होने से कंपनियां निवेश कम कर सकती हैं और आर्थिक विकास की रफ्तार भी धीमी पड़ सकती है। कुल मिलाकर, कच्चे तेल की ऊंची कीमतें भारत के लिए कई स्तरों पर चिंता का कारण बन सकती हैं। ऊर्जा आपूर्ति की अनिश्चितता, बढ़ता आयात बिल, महंगाई का दबाव, कमजोर होता रुपया और विदेशी निवेश में कमी-ये सभी कारक मिलकर आर्थिक स्थिरता को प्रभावित कर सकते हैं। आने वाले समय में यह काफी हद तक इस बात पर निर्भर करेगा कि पश्चिम एशिया में चल रहा संघर्ष कितने दिन चलता है और वैश्विक तेल बाजार किस दिशा में जाता है। अगर स्थिति जल्दी सामान्य होती है, तो दबाव कम हो सकता है, लेकिन अगर तनाव लंबे समय तक बना रहता है, तो भारत को अपनी ऊर्जा रणनीति और आर्थिक नीतियों में कई बड़े कदम उठाने पड़ सकते हैं।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## दिवस विशेष

अरविंद जयतिलक



# अनिद्रा से बिगड़ता स्वास्थ्य

आज विश्व निद्रा दिवस है। इसका उद्देश्य स्वास्थ्य के एक महत्वपूर्ण स्तंभ के रूप में नींद के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। मानव स्वास्थ्य व सेहत के लिए पर्याप्त निद्रा बेहद आवश्यक है। याद होगा कि गत वर्ष पहले फिलिप्स वार्षिक वैश्विक सर्वेक्षण की रिपोर्ट से उद्घाटित हुआ था कि दुनिया भर में तकरीबन 10 करोड़ लोग अनिद्रा की बीमारी से ग्रसित हैं। दुनिया के 13 देशों (संयुक्त राष्ट्र अमेरिका, जर्मनी, ब्रिटेन, पोलैंड, फ्रांस, भारत, चीन आस्टलिया, कोलंबिया, अर्जेंटीना, मैक्सिको, ब्राजील और जापान) के 15 हजार से अधिक व्यस्कों पर किए गए इस सर्वेक्षण रिपोर्ट में कहा गया कि 80 प्रतिशत से अधिक लोग अनिद्रा बीमारी से अनभिज्ञ हैं जबकि 30 प्रतिशत लोग नींद लेने और उसे बनाए रखने में दिक्कत महसूस करते हैं। इस रिपोर्ट से यह भी उद्घाटित हुआ था कि देश की राजधनी दिल्ली में 67 प्रतिशत, कोलकाता में 60 प्रतिशत, बेंगलुरु में 59 प्रतिशत तथा चेन्नई 58 प्रतिशत लोग अनिद्रा के शिकार हैं। रिपोर्ट के मुताबिक भारत में तकरीबन 19 प्रतिशत वयस्कों ने स्वीकार किया कि सामान्य नींद के समय के साथ काम के घंटों का अतिव्यापित होना अनिद्रा का एक प्रमुख कारण है। इसी तरह 32 प्रतिशत वयस्कों ने स्वीकार किया कि प्रौद्योगिकी भी एक प्रमुख नींद विकर्षण है। अमेरिका की राष्ट्रीय निद्रा फाउंडेशन के मुताबिक 30-40 प्रतिशत अमेरिकी वयस्कों का कहना है कि उनमें अनिद्रा के लक्षण हैं। चिकित्सकों का कहना है कि अनिद्रा के कारण कई तरह की बीमारियां पनपती हैं और जीवन प्रत्याशा कम होने की भी संभावना बढ़ जाती है। 16 अध्ययनों के एक विश्लेषण में 10 लाख से अधिक प्रतिभागियों और 112,566 मौतों के अंतर्गत नींद की अवधि और मृत्युदर के बीच के संबंधों की जांच में पाया गया कि जो लोग रात में सात से आठ घंटे सोते थे, उनकी तुलना में कम सोने वाले व्यक्तियों में मृत्यु का खतरा 12 प्रतिशत ज्यादा होता है। हाल ही में एक अन्य अध्ययन में 38 सालों से सतत निद्रा और मृत्यु दर के प्रभावों की जांच में पाया गया है कि सतत अनिद्रा से ग्रसित लोगों की मौत का जोखिम 97 प्रतिशत अधिक होता है। अनिद्रा का दुष्परिणाम यह होता है कि व्यक्ति में हीनता बढ़ती है और उसकी याददाश्त कमजोर पड़ने लगती है। उसमें चिड़चिड़ापन इस हद तक बढ़ जाता है कि वह सामाजिक रूप से मिलना-जुलना बंद कर देता है। साथ ही थके होने और पर्याप्त नींद न लेने के कारण वाहन दुर्घटनाओं की संभावना काफी हद तक बढ़ जाती है। भारत की बात करें तो यहां 66 प्रतिशत लोगों ने स्वीकार किया है कि अनिद्रा के कारण उनका स्वास्थ्य और तंदुरुस्ती प्रभावित होने के साथ-साथ मानसिक अवसाद बढ़ा है। उल्लेखनीय है कि विश्व स्वास्थ्य संगठन पहले ही खुलासा कर चुका है कि भारत में मानसिक अवसाद के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं जिनके कई कारणों में से एक कारण अनिद्रा भी है। गत वर्ष पहले विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा जारी शीर्षक 'डिप्रेशन एवं अन्य सामान्य मानसिक विकार-वैश्विक स्वास्थ्य आकलन' रिपोर्ट में कहा जा चुका है कि अन्य देशों के मुकाबले भारत और चीन अवसाद से बुरी तरह प्रभावित हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक दक्षिण पूर्व एशिया और पश्चिमी प्रशांत क्षेत्र में मानसिक अवसाद से ग्रस्त लोगों की संख्या सर्वाधिक है। रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया भर में अवसाद से प्रभावित लोगों की कुल संख्या 32.2 करोड़ है, जिसमें 50 प्रतिशत सिर्फ भारत और चीन में ही हैं। इस रिपोर्ट में यह भी खुलासा हुआ कि अवसाद के अलावा भारत और चीन में चिंता भी बड़ी समस्या है। भारत एवं अन्य मध्य आय वाले देशों में आत्महत्या के सबसे बड़े कारणों में से एक चिंता भी है। देश में बढ़ते अवसाद को ध्यान में रखकर ही केंद्र सरकार द्वारा संसद में मानसिक स्वास्थ्य देखरेख विधेयक पर मुहर लगाई जा चुकी है। इसमें मानसिक अवसाद से ग्रस्त व्यक्तियों के लिए मानसिक स्वास्थ्य देखरेख एवं सेवाएं प्रदान करने एवं ऐसे व्यक्तियों के अधिकारों का संरक्षण करने का प्रावधान है। चूंकि भारत अशक्त लोगों के अधिकारों के संबंध में संयुक्त राष्ट्र संधि का हस्ताक्षरकर्ता है लिहाजा उसकी जिम्मेदारी भी थी कि वह इस प्रकार के प्रभावी कानून गढ़ने की दिशा में आगे बढ़े। भारत ने इस दिशा में कदम बढ़ा सामुदायिक स्तर पर अधिकतम स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने की रचनात्मक और स्वागत योग्य पहल तेज कर दी है। अच्छी बात यह है कि दुनिया भर में 77 प्रतिशत लोगों ने अवसाद और बिगड़ते स्वास्थ्य से उबरने के लिए अपनी नींद में सुधार की कोशिश की है। भारत में 45 प्रतिशत वयस्कों ने ध्यान और योग करने की कोशिश की है, जबकि 24 प्रतिशत लोगों ने अच्छी नींद लेने और उसे बनाए रखने के लिए विशेष बिस्तर को अपनाया है। उचित होगा कि सरकार और स्वयंसेवी संस्थाएं कुछ इस तरह के कार्यक्रम गढ़ें, जिससे कि लोगों में अच्छी नींद के प्रति जागरूकता बढ़े और वे संतुलित दिनचर्या के प्रति आकर्षित हों।

( लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## जहां भी खोजोगे वहां तुम प्रीतितत्व को ही पाओगे



संकलित
दर्शन

कोई आदमी धन कमाने में लगा है, धन तो ऊपर की बात है, भीतर तो प्रीति से ही जी रहा है, धन से उसकी प्रीति है। कोई आदमी पद के पीछे पागल है, पद तो गौण है, प्रतिष्ठा की प्रीति है। जहां भी खोजोगे, तो तुम प्रीति को ही पाओगे। पापी में और पुण्यात्मा में, तुम एक ही तत्त्व को एक साथ पाओगे, वह तत्त्व प्रीति है। फिर प्रीति किससे लग गई, उससे भेद पड़ता है। धन से लग गई तो तुम धन ही होकर रह जाते हो। ठीकरे हो जाते हो। कागज के सड़े-गले नोट होकर मरते हो। जिससे प्रीति लगी, वही हो जाओगे। यह बड़ा बुनियादी सत्य है, इसे हृदय में संभाल कर रखना। प्रीति महंगा सौदा है, हर किसी से मत लगा लेना। जिससे लगाई वैसे ही हो जाओगे। वैसा होना हो तो ही लगाना। प्रीति का अर्थ ही यही होता है कि मैं यह होना चाहता हूं। राजनेता गांव में आया और तुम भीड़ करके पहुंच गए, फूलमालाएं सजा कर, किस बात की खबर है? कोई संगीत सुनता है तो धीरे-धीरे उसकी चेतना में संगीत की छाया पडऩे लगती है। तुम जिससे प्रीति करोगे वैसे हो जाओगे, जिनसे प्रीति करोगे वैसे हो जाओगे। तो प्रीति का तत्त्व रूपांतरकारी है। प्रीति का तत्त्व भीतरी रसायन है। और बिना प्रीति के कोई भी नहीं रह सकता। प्रीति ऐसी अनिवार्य है जैसे श्वास। जैसे शरीर श्वास से जीता, आत्मा प्रीति से जीती। इसलिए अगर तुम्हारे जीवन में कोई प्रीति न हो, तो तुम आत्महत्या करने को उतारू हो जाओगे। या कभी तुम्हारी प्रीति का सेतु टूट जाए, तो आत्महत्या करने को उतारू हो जाओगे।

## गुरु की संगति से ही पाया जा सकता है परमात्मा



संकलित
प्रेरणा

जिसने परमात्मा को प्राप्त कर लिया, तो समझो उसने सब कुछ प्राप्त कर लिया। इसके लिए प्राप्ति के लिए अब शेष कुछ नहीं रह जाता। अब जिन्होंने परमात्मा को नहीं पाया उन्होंने कुछ भी नहीं पाया, लेकिन यह बात ध्यान में रहे कि परमात्मा पाया जाता है गुरु प्रताप साध की संगति से और कोई उपाय नहीं। अद्वैत भाव एक परम गुण है। अद्वैत भाव कुछ ऐसी कला है, जिसमें थकान नहीं है मानो हम जहां भी देखें, चाहे जर्रा हो, चाहे पत्ते हों,चाहे चंदन के पेड़ हों, चाहे पत्थर हों,चाहे गंगा का जल हो, सूरज का तेज हो, चांद की शीतलता हो,कलियों की कोमलता हो, फूलों का सौंदर्य हो, जहां भी नजर डालो सद्गुरु की कृपा से अपनी आंखों से इन सभी से जल्दी से पर्दा हटा कर इसको देख लें। फिर धीरे-धीरे हमारी आंखें ही पर्दा उठाने की कला सीख जाएंगी और फिर ऐसा समय भी आएगा जब हमें पर्दा उठाना ही नहीं पड़ेगा, केवल नजर पड़ी और हम पर्दे के पार देखने लगे, क्योंकि अब हमें ज्ञान हो गया है कि सब जगह बस ईश्वर, परमात्मा की ही छवि विराजमान है। अपेक्षा जहां है वहीं दुःख की भी संभवना है और जहां अपेक्षा नहीं है, वहां विषाद का कोई खतरा नहीं है। अतः जिनसे मनुष्य को अपेक्षा है कि उसे प्रीति मिलेगी पत्थर नहीं,उनसे यदि फूल भी फेंका गया, तो घाव का एहसास होगा ही। घाव फूल के कारण नहीं लगता फूल बेचारा कैसे घाव लगा सकता है? घाव लगता मनुष्य की अपेक्षा से और जितनी बड़ी अपेक्षा होगी,घाव भी उतना ही गहरा मिलेगा।

## इनफिनिटी मिरर्ड रूम



कोलोन, जर्मनी के म्यूजियम लुडविग में गुरुवार को मशहूर जापानी आर्टिस्ट यायोई कुसामा की नई बड़ी एग्जिबिशन के प्रीव्यू के दौरान लोग आर्टवर्क इनफिनिटी मिरर्ड रूम में घूमते हुए लोग।

## आज की पाती

### असंगठित बल को संगठित करने की पहल

हमारे देश में संगठित क्षेत्र में औपचारिक रूप से पंजीकृत वो व्यवसाय आते हैं, जो श्रम कानूनों का पालन करते हैं, नौकरी की सुरक्षा और सामाजिक लाभ प्रदान करते हैं। जबकि असंगठित क्षेत्र में अनौपचारिक व्यवसाय शामिल हैं, जिनमें बहुत कम या कोई विनियमन नहीं है, अक्सर नौकरी की सुरक्षा, लाभ और कानूनी सुरक्षा का अभाव रहता है। असंगठित श्रमिक सामाजिक सुरक्षा अधिनियम 2008 के अंतर्गत घरों में काम करने वाले श्रमिक, स्व-नियोजित श्रमिक या असंगठित क्षेत्र में मजदूरी करने वाले श्रमिक असंगठित क्षेत्र के दायरे में आते हैं। संगठित क्षेत्र के श्रमिकों के हितों की रक्षा के लिए कई अधिनियम लागू किए जा चुके हैं। असंगठित क्षेत्रों के श्रमिकों के आंकड़े एकत्रित करने और उनके नि:शुल्क पंजीकरण के लिए प्रयास हुए हैं।

*-विनय कुमार साहू, रायपुर*

## ट्रेंड

### सबको बोलने का अवसर



प्रतिपक्ष के सदस्यों को आवंटित समय से अधिक बोलने का अवसर मिला है। मेरी हमेशा कोशिश रहती है कि चाहे देर रात्रि तक बैठना पड़े, लेकिन हर सदस्य को बोलने का अवसर मिले। कोई भी सदस्य जो बोलना चाहते हों, और मैंने अवसर नहीं दिया, ऐसा एक भी उदाहरण नहीं है।

**- ओम बिरला, लोस अध्यक्ष**

### अविश्वास प्रस्ताव नहीं



हम भी विपक्ष में रहे हैं, तीन बार लोकसभा के स्पीकर पर अविश्वास का प्रस्ताव आया, मगर भारतीय जनता पार्टी और एनडीए विपक्ष में रहते हुए कभी लोकसभा स्पीकर पर अविश्वास का प्रस्ताव नहीं लाए।

**-गजेंद्र सिंह शेखावत, केंद्रीय पर्यटन मंत्री**

### विकास बजट जारी



विकसित दिल्ली का संकल्प तभी साकार होगा, जब दिल्ली की हर विधानसभा में विकास की समान गति दिखाई दे। इसी लक्ष्य के साथ हर विधानसभा के लिए विशेष विकास बजट जारी किया जा रहा है, ताकि सड़क, पानी, स्वच्छता, आदि नागरिक सुविधाओं के कार्य तेज़ी से पूरे हो सकें।

**- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली**

### घरेलू गैस की किल्लत




जब देश भारी संकट से जूझ रहा होता है तो प्रधानमंत्री मोदी चुनावी दौरों में मशगूल होते हैं। देशभर में घरेलू गैस की भारी कमी है। अनेक छोटे-बड़े उद्योग भाजपा की विफलता का ख़ामियाज़ा भुगतने पर मजबूर हैं। पर सरकार के पास कोई जवाब नहीं।

**- मल्लिकार्जुन खड़गे, अध्यक्ष, कांग्रेस**

## करंट अफेयर

# पाक किसका, जो कर्ज दे उसका सऊदी अरब पहुंचे शहबाज



पाकिस्तान के रुख को लेकर माना जा रहा है कि पाकिस्तान ने सिर्फ अपने कर्ज के हित को देखते हुए सऊदी अरब का साथ दिया है। इसके अलावा शिया और सुन्नी वाला विवाद भी अहम है। पाक नहीं चाहता कि वह शिया मुल्क ईरान के साथ बहुत ज्यादा दिखे, जबकि सुन्नी देश सऊदी अरब के साथ रहना आंतरिक राजनीति में भी फायदा देगा। पाकिस्तान अकसर इस्लामिक एकता की बातें करता है। अब जबकि ईरान पर अमेरिका और इजरायल ने हमले किए हैं तो इस संघर्ष में सऊदी अरब भी अमेरिकी पाले में है। ऐसे हालात में पाकिस्तान ने इस्लामिक एकता की कोई दुहाई नहीं दी है और सीधे तौर पर सऊदी अरब के साथ दिख रहा है। यहां उसने ना तो सऊदी अरब को इस्लामिक एकता की सीख दी और ना ही ईरान से समझौते की अपील की। उसने सीधे तौर पर सऊदी अरब का साथ दिया है और पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ खुद ही इस्लामिक मुल्क पहुंच गए हैं। इससे पहले पाकिस्तान ने सऊदी अरब की सुरक्षा चिंता पर बात की थी। उसके इस रुख को लेकर माना जा रहा है कि पाकिस्तान ने सिर्फ अपने कर्ज के हित को देखते हुए सऊदी अरब का साथ दिया है। इसके अलावा शिया और सुन्नी वाला विवाद भी अहम है।

## ऑफ बीट

# ऋषिकेश स्थित श्रीलक्ष्मण मंदिर का अद्भुत माहात्म्य

हिमालय की पावन गोद में अवस्थित ऋषिकेश का तपोवन क्षेत्र केवल एक भौगोलिक स्थल नहीं, बल्कि भारतीय आध्यात्मिक चेतना का जीवंत केंद्र है।



उत्तराखंड में गंगा के पावन पश्चिमी तट पर स्थित लक्ष्मण झूला और समीपस्थ श्रीलक्ष्मण मंदिर का माहात्म्य पुराणों में अत्यंत श्रद्धा और गौरव के साथ वर्णित है। 'ते वै रघुवरश्रेष्ठा भाग्यवन्तो भवन्ति हि' अर्थात जो भक्त तपोवन में आकर लक्ष्मण जी को प्रणाम करते हैं, वे वास्तव में भाग्यवान होते हैं, यह उद्घोष इस क्षेत्र की आध्यात्मिक गरिमा को स्पष्ट करता है। स्कंद पुराण के अनुसार, भगवान स्कंद ने नारद जी से कहा कि यद्यपि अनेक तीर्थ ऐसे हैं, जिनके स्मरण मात्र से पापों का क्षय हो जाता है तथापि ऋषिकेश स्थित तपोवन एक ऐसा दिव्य क्षेत्र है जो मानो मुक्ति का खुला द्वार है। यहां विधिपूर्वक श्राद्ध करने से पितृगण सदा तृप्त रहते हैं। सौमित्रि तीर्थ, जिसे लक्ष्मण तीर्थ भी कहा जाता है, में स्नान करने से वाजपेय यज्ञ के तुल्य फल की प्राप्ति होती है। आगे शिव तीर्थों में स्नान करने वाला भक्त शिवलोक और ब्रह्मलोक को प्राप्त होता है। इस प्रकार तपोवन केवल एक तीर्थ नहीं, बल्कि लोक और परलोक के कल्याण का सेतु है। यह तीर्थ हमें सिखाता है कि भक्ति, तप और विनम्रता से ही मनुष्य अपने दोषों से मुक्त होकर परम शांति को प्राप्त कर सकता है।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com

रोचक / शिखर चंद जैन

बच्चो, कुछ जीव-जंतु अपने रहने के लिए ऐसे आवास बनाते हैं, जिन्हें देखकर तुम दंग रह जाओगे! तुम यही सोचोगे कि इन्होंने इतनी अमेजिंग होम मेकिंग इंजीनियरिंग आखिर सीखी कहां से? जानो, ऐसे ही कुछ जंतुओं के अनोखे घरों के बारे में।

# इंजीनियरिंग का कमाल हैं इन जंतुओं के अनोखे घर



## रूफस हॉर्नेरो मिट्टी के ओवन जैसा घोंसला

**दक्षिण अमेरिका** में पाया जाने वाला पक्षी रूफस हॉर्नेरो, अपने मिट्टी से बने घर के निर्माण के लिए प्रसिद्ध है। बच्चो, इस पक्षी की कलाकारी देखकर तुम दंग रह जाओगे। रूफस कीचड़, गोबर और सूखी घास को मिलाकर एक गोल घर बनाता है। इसका आकार पुराने जमाने के मिट्टी के ओवन जैसा दिखता है, इसलिए इसे 'हॉर्नेरो' कहा जाता है। स्पेनिश में 'हॉर्नो' का मतलब ओवन होता है। जब यह मिट्टी का घोंसला धूप में सूखकर सख्त हो जाता है, तो यह कंक्रीट जैसा मजबूत हो जाता है। भारी बारिश और तेज हवाएं भी इसे नहीं तोड़ पातीं। यह घोंसला शिकारियों से सुरक्षा के लिए एक किले की तरह काम करता है। इसका द्वार भूल-भुलैया जैसा होता है। इसके घोंसले का दरवाजा सीधा अंदर नहीं खुलता। इसके अंदर एक घुमावदार दीवार होती है, जो अंग्रेजी अक्षर 'पी' आकार का रास्ता बनाती है। यह दीवार ठंडी हवा को सीधे अंदर जाने से रोकती है। साथ ही सांपों जैसे शिकारियों के लिए बच्चों तक पहुंचने से सुरक्षित रखती है। रूफस हॉर्नेरो, अकसर बिजली के खंभों, ऊंचे पेड़ों या इमारतों के कोनों पर अपना घर बनाते हैं। *



## बोवर बर्ड इंटीरियर डिजाइनिंग की मिसाल

**ऑस्ट्रेलिया और** न्यू गिनी में पाए जाने वाले बोवर बर्ड का अपना घर बनाने का तरीका बड़ा ही अनोखा होता है। बोवर बर्ड अपना बोवर यानी घर बनाने के साथ-साथ उसमें इंटीरियर डिजाइन भी करता है। उसे सजाता है, संवारता है। दिलचस्प बात यह है कि यह बोवर इनका असली घोंसला या आवास नहीं होता है। मादा पक्षी अंडे देने के लिए अलग घोंसला बनाती है। नर बोवर बर्ड, यह सुंदर महलनुमा घर केवल मादा को प्रभावित करने के लिए बनाता है। नर पक्षी टहनियों को जमीन में गाड़कर दो समानांतर दीवारें बनाता है, जो एक गलियारे जैसी दिखती हैं। बोवरबर्ड की कुछ प्रजातियां तो टहनियों से ऊंचे 'मेहराब' भी बनाती हैं। बोवर बर्ड अपनी सजावट के लिए बहुत चूजी होते हैं। साटन बोवर बर्ड को नीला रंग इतना पसंद है कि वह अपने घर के सामने नीले फूल, नीले पंख और यहां तक कि इंसानों द्वारा फेंकी गई नीली प्लास्टिक की बोतल के ढक्कन और पेन जैसी चीजें भी इकट्ठा करते हैं। कुछ बोवर बर्ड अपनी चोंच से फलों के रस या लकड़ी के कोयले को चबाकर 'पेंट' तैयार करते हैं और अपने घर की दीवारों को रंगते हैं। ये पक्षी अपने आंगन में पत्थरों और वस्तुओं को इस तरह क्रम में सजाते हैं (बड़ी चीजें पीछे, छोटी आगे) कि जब मादा बीच में खड़ी होती है, तो उसे नर पक्षी और उसका घर ज्यादा बड़ा और भव्य दिखाई देता है। इस तकनीक को 'फोर्स्ड पर्सपेक्टिव' कहा जाता है। *



## डाइविंग बेल स्पाइडर पानी के तल पर हवेली

**यह दुनिया** की एकमात्र ऐसी मकड़ी है, जो अपना पूरा जीवन पानी के नीचे बिताती है। यूरोप और एशिया के देशों में नदी-तालाबों के तल पर रहने वाली इस मकड़ी के द्वारा बनाई गई 'पानी के नीचे की हवेली' की तकनीक किसी चमत्कार से कम नहीं लगती है। यह मकड़ी पानी के नीचे पौधों के बीच रेशम का एक जाल बुनती है। फिर वह सतह पर जाकर अपने शरीर के पिछले हिस्से और पैरों पर लगे घने बालों की मदद से हवा का एक बुलबुला फंसाकर नीचे लाती है। इस हवा को वह अपने जाल के नीचे छोड़ देती है, जिससे वह एक बेल (घंटी) की तरह फूल जाता है। यह बुलबुला एक 'फिजिकल गिल' की तरह काम करता है। यह पानी से ऑक्सीजन सोखता है और कार्बन डाई-ऑक्साइड को बाहर निकालता है। इस वजह से मकड़ी को बार-बार हवा लेने के लिए सतह पर नहीं जाना पड़ता। इसी हवा भरे बुलबुले के अंदर यह मकड़ी सोती है, खाना खाती है और अंडे देती है। उसका यह घर तैरकर ऊपर न चला जाए, इसके लिए वह इसे रेशमी धागों से जलीय पौधों से मजबूती से बांध देती है। शिकार करने के लिए यह मकड़ी बस अपने पैरों को बुलबुले से बाहर निकालती है और पास से गुजरने वाले कीड़ों को पकड़ लेती है। *



## कोरल पॉलिप्स विशाल-मजबूत कॉलोनियां

**कोरल पॉलिप्स,** समुद्र के वे अदृश्य कलाकार होते हैं, जो दुनिया की सबसे बड़ी और सुंदर जीवित प्रवाल भित्तियां (कोरल रीफ) बनाते हैं। यह किसी चमत्कार से कम नहीं है कि चावल के दाने जितने छोटे जीव अंतरिक्ष से दिखने वाले ऊंचे 'पहाड़' खड़े कर देते हैं। प्रत्येक कोरल पॉलिप अपने चारों ओर कैल्शियम कार्बोनेट (चूना पत्थर) का एक कठोर कवच बनाता है। जब ये पॉलिप मर जाते हैं, तो उनके कठोर कंकाल वहीं रह जाते हैं, और नए पॉलिप उनके ऊपर अपना घर बनाना शुरू कर देते हैं। हजारों सालों की इस प्रक्रिया से विशाल कोरल रीफ का निर्माण होता है। *





## प्रेयरी डॉग्स जमीन के भीतर अंडरग्राउंड सिटी

**बच्चो, नाम** से कंफ्यूज मत होना! प्रेयरी डॉग्स असल में डॉगी नहीं, बल्कि गिलहरी परिवार के सदस्य हैं, जो जमीन के नीचे अद्भुत अंडरग्राउंड शहर बसाने के लिए जाने जाते हैं। उनकी इंजीनियरिंग इतनी सटीक होती है कि इंसानी शहरों का ड्रेनेज सिस्टम भी इसके सामने फेल हो जाए। इनके बनाए विशाल 'टाउन' केवल एक बिल नहीं, बल्कि हजारों मील में फैले भूमिगत शहर जैसे होते हैं। टेक्सास (अमेरिका) में एक बार 25,000 वर्ग मील में फैला इनका एक टाउन पाया गया था, जिसमें लगभग 40 करोड़ प्रेयरी डॉग्स रहते थे। ये शहर पीढ़ियों तक चलते हैं। इनके घर में अलग-अलग काम के लिए अलग-अलग कमरे होते हैं, जैसे- बच्चों के लिए 'नर्सरी', सोने के लिए 'बेडरूम', खाना रखने के लिए 'स्टोर रूम' और यहां तक कि कचरे के लिए अलग जगह होती है। प्रवेश द्वार के पास एक 'लिस्निंग पोस्ट' भी होता है, जहां से वे शिकारियों पर नजर रखते हैं। प्रेयरी डॉग्स अपने बिल के मुहानों को अलग-अलग ऊंचाई पर बनाते हैं। इससे दबाव में अंतर पैदा होता है, जिससे ताजी हवा अपने आप सुरंगों के अंदर घूमती रहती है। यह एक बेहतरीन वेंटिलेशन इंजीनियरिंग का उदाहरण है। ये बिल के प्रवेश द्वार पर मिट्टी के ऊंचे टीले बनाते हैं। ये टीले न केवल इन्हें ऊंचाई से शिकारियों को देखने में मदद करते हैं, बल्कि बारिश के पानी को सुरंग के अंदर जाने से भी रोकते हैं। *



कविता / शादाब आलम

## क्या कहने चावल के



एआई इमेज

क्या कहने चावल के भाई
कम है, जितनी करो बड़ाई।
इसे दूध के साथ मिलाकर
मजा बहुत आता है खाकर।
अगर राजमा चावल पाऊं
तीन प्लेट भरकर मैं खाऊं।
बने पुलाव जब घर में अपने
कोना-कोना लगे महकने।
कढ़ी और चावल की जोड़ी
नहीं किसी ने अब तक तोड़ी।
घूम-घूम कर बेचे भोले
बड़े गजब के चावल छोले।
जब नानी के घर जाता हूं
रोज दही चावल खाता हूं।
आज बनी है घर में तहरी
सुनकर खुश हो गई सुनहरी।

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

## मजेदार कहानियां

बच्चो, हाल में छपकर आई 'होलू का दिमाग चलता है' सात मजेदार कहानियों की किताब है। पहली कहानी 'होलू का दिमाग चलता है' में तुम जिज्ञासु-नटखट होलू के एक से बढ़कर एक काल्पनिक और गुदगुदाते प्रश्नों को पढ़कर हंसे बिना नहीं रहोगे। 'हवा ने चांटा मारा' अर्श से हवा की काल्पनिक बातचीत पर आधारित कहानी है। बोलने में अटकने वाली मुन्नी क्यों उदास हो जाती है, कैसे फिर से खिलखिलाने लगती है? इसे तुम 'भाड़ में जाए' कहानी में पढ़ सकते हो। 'मैं लौट आया' सपने में पक्षी बनकर उड़ते हुए पड़ोसी देश की यात्रा करने वाले बच्चे की प्यारी सी कहानी है। यह कहानी अलग-अलग देशों के बीच होने वाली शत्रुता पर भोले-भाले सवाल पूछती है। किताब की अन्य कहानियां भी बहुत रोचक और सीख देने वाली हैं। *



**किताब:** होलू का दिमाग चलता है, **लेखक:** दिविक रमेश
**मूल्य:** 175 रुपए, **प्रकाशक:** अनबाउंड स्क्रिप्ट, दिल्ली

अपनी सहेली रूठ जाए तो दिल में टीस होगी ही। अंकिता अपनी सहेली अबीहा से रूठ गई। लेकिन कुछ देर बाद अबीहा ने जो किया, अंकिता की सारी नाराजगी पल भर में दूर हो गई। एक प्यारी-मीठी कहानी।

## रूठ गई सहेली



छोटी कहानी
सिराज अहमद

आज अंकिता अपनी सबसे प्यारी दोस्त अबीहा से रूठ गई थी। वजह बहुत छोटी थी, पर उसका असर बड़ा हो गया। सुबह स्कूल में अंकिता थोड़ी देर से पहुंची, तब तक अबीहा ने सोचा कि शायद वह आज नहीं आएगी, छुट्टी पर है। इसलिए उसने अपनी दूसरी क्लासमेट को अपने बगल में बैठा लिया।

थोड़ी देर बाद अंकिता आ गई। उसने अबीहा के बगल में दूसरी लड़की को बैठे देखा तो उसका चेहरा उतर गया। अंकिता को लगा कि अबीहा ने उसकी जगह किसी और को दे दी। उसने कुछ कहा नहीं, लेकिन मन ही मन अबीहा से नाराज हो गई। लंच टाइम हुआ तो दोनों, जो हमेशा साथ बैठकर खाना खाती थीं, आज अलग-अलग बैठी थीं। अबीहा को यह बहुत बुरा लग रहा था। उसे अपनी दोस्त की चुप्पी काटने लगी। तभी उसे कुछ याद आया। अबीहा ने टिफिन खोला, अंदर मीठे परांठे थे, वही जो अंकिता को बहुत पसंद थे। जैसे ही परांठों की खुशबू फैली, अंकिता की नाक फड़क उठी। वह खुद को रोक न सकी। झटपट उठी, अबीहा की टिफिन की ओर बढ़ी और हंसते हुए बोली, 'यह मेरे हिस्से का परांठा है!'

अबीहा ने हंसकर कहा, 'ये लो, पहले तुम खा लो।' अंकिता ने एक टुकड़ा खाया और हंसते हुए क्लास में दौड़ पड़ी। उसके पीछे-पीछे अबीहा भी दौड़ने लगी। क्लास की बाकी बच्चियां हंस-हंसकर लोट-पोट हो गईं।

कुछ देर बाद दोनों थककर साथ बैठ गईं। टिफिन के परांठे बांटकर खाने लगीं। गुस्सा कहीं उड़ गया था। मीठे परांठों की खुशबू ने एक बार फिर उनकी दोस्ती में मिठास घोल दी थी। *



एआई इमेज



कहानी
क्षमा शर्मा

कैरम की रानी गोटी (क्वीन) और अन्य गोटियों में ऐसा घमंड जागा कि दोनों अपना-अपना महत्व जताते हुए बोलीं कि वे ना हों तो कैरम खेलना मुमकिन नहीं। तभी एक समझदार गोटी ने ऐसा कुछ कहा कि रानी गोटी और अन्य सभी गोटियां अपनी बहस भूलकर आपस में घुल-मिल कर हंस-हंस कर नाचने लगीं। आखिर उस समझदार गोटी ने ऐसा क्या कहा?

## नाचने लगीं गोटियां



आदित्य और अंशु के पास एक कैरम बोर्ड था। अकसर शाम को बाहर खेलने जाने से पहले दोनों कैरम खेलते थे। बहुत बार वे बाहर न जाकर सिर्फ कैरम ही खेलते रहते थे। एक बार कैरम की गोटियों में आपस में बहस हो रही थी कि अगर वे न हों तो कोई कैरम खेल ही नहीं सकेगा। गुलाबी रंग की रानी गोटी यानी क्वीन इन सब की बातें सुन इतरा कर बोली, 'बड़ी चली हो महारानी बनने। जानती नहीं कि तुम सबकी रानी तो मैं ही हूं। मैं न होऊं तो तुम सब कुछ नहीं कर सकोगी।'

एक गोटी जो लड़ाकू थी, वह झिड़ककर बोली, 'तुम तो बस दिखाने भर की रानी हो। अपने बल पर तो अकेली बोर्ड से बाहर भी नहीं निकल सकतीं। हमेशा अपने पीछे हम में से कोई एक चाहिए कवर करने के लिए।'

'अरे रहने दो! अपने आप ही पिछलग्गू बनी चली आती हो मेरे पीछे। ना भी आओ तो मेरा क्या बिगड़ेगा? रहूंगी तो मैं रानी ही।' रानी की अकड़ भरी बात सुनकर बाकी गोटियों को बहुत गुस्सा आया। सबने मन ही मन तय किया कि रानी को सबक सिखा कर रहेंगी। अब जैसे ही दो बच्चे कैरम खेलने बैठते, गोटियां फटाफट बाहर निकलने लगतीं। लेकिन जैसे ही रानी बाहर निकलती बाकी गोटियां जैसे बोर्ड पर जम जातीं। चाहे जितना स्ट्राइकर मारो, वे टस से मस न होतीं। इससे बच्चे बार-बार रानी गोटी को बोर्ड पर पटकते, जिससे उसे चोट भी लगती। वह दर्द से कराहती। बाकी गोटियां इस दशा पर मुस्कुरातीं, 'अरे! रानी है, कर लेगी न सब अपने आप।'

इन सब गोटियों में एक गोटी ऐसी भी थी, जिसे रानी को देख तकलीफ होती। एक दिन उसने अपनी सहेली गोटियों से कहा, 'हम सबने रानी को बहुत सजा दे ली। लेकिन अब इस लड़ाई को खत्म कर देना चाहिए, क्योंकि यह भी तो हो सकता है कि हमसे खेलने वाले बच्चे हमारी हरकतों से तंग आकर दूसरी गोटियां ले आएं और हमें कूड़ेदान में फेंक दिया जाए। तब हम सबका क्या होगा, तुमने सोचा है? यहां तो हम सब आराम से रहते हैं। गर्मी, सर्दी, बरसात सबसे बचे रहते हैं। बाहर की दुनिया कैसी होगी, क्या पता? कूड़ेदान में से उठाकर किसी ने हमें आग में जला दिया तो..., तब हमारा क्या होगा? आखिर बनी तो हम लकड़ी से ही हैं।' उस गोटी की बातें सुन कर सारी गोटियां सोच में पड़ गईं। सबने देखा कि रानी गोटी के आंसू बह रहे थे। वह बोली, 'वैसे तो मैं रानी हूं, लेकिन मुझे यह बात क्यों समझ में नहीं आई कि गलती मेरी ही थी। घमंड में आकर मैंने अपनी सभी सहेलियों का अपमान किया। सबको मुसीबत में डाल दिया। सॉरी फ्रेंड्स।'

रानी ने यह कहा तो सारी गोटियां खुशी से उछलने लगीं। वे कूद-कूद कर बोर्ड के ऊपर नाचने लगीं। एक-दूसरे को जोक्स सुनाने लगीं और हंस-हंस कर लोट-पोट होने लगीं। उन्हें लगा कि इतनी हंसी तो जीवन में उन्होंने पहली बार सुनी है।

अगले दिन जब आदित्य और अंशु कैरम खेलने लगे तो गोटियों में होड़ लग गई। वे सबकी सब रानी से पहले ही बोर्ड से बाहर जाने की तैयारी करने लगीं। बच्चों को भी आज खेलना बहुत अच्छा लगा। एक गोटी बाहर निकलती तो वे जोर से तालियां बजाते। ऐसा लग रहा था, जैसे सारी गोटियां भी ताली बजा रही हैं। *



## जीके क्विज-196

1. दिल्ली का नया लेफ्टिनेंट गवर्नर किसे नियुक्त किया गया है?
2. हाल ही में किस देश की क्रिकेट टीम को हराकर भारत ने टी-20 वर्ल्ड कप जीता?
3. चेस के 93 वें ग्रैंड मास्टर बनने वाले इंडियन चेस प्लेयर का नाम क्या है?
4. विश्व जल दिवस कब मनाया जाता है?
5. महात्मा बुद्ध ने अपना पहला उपदेश किस स्थान पर दिया था?
6. हमारे पड़ोसी देश भूटान की राजधानी का क्या नाम है?
7. सती प्रथा समाप्त करने में किस समाज सुधारक का महत्वपूर्ण योगदान था?
8. भारतीय संसद के उच्च सदन को किस नाम से जाना जाता है?
9. फ्लाइंग सिख के नाम से किस इंडियन एथलीट को जाना जाता है?
10. टाइटन किस ग्रह का उपग्रह है?



बच्चो, जीके क्विज-196 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-195 का उत्तर :** 1.केरलम, 2.सचिन तेंदुलकर, 3.रॉब जेटन , 4. 20 मार्च, 5.नारंगी, 6.कार्बन डाई ऑक्साइड, 7.किडनी, 8.हीलियम, 9.आर्कटिक महासागर, 10.समुद्रगुप्त

**जीके क्विज-195 का सही उत्तर देने वाले :** कबीर-हिसार, कुणाल-रोहतक, आस्था-दिल्ली, अजय-सिरसा, प्रवीण-ईमेल से, रमेश-रायगढ़, तेजस-रायपुर, सुमन-महेंद्रगढ़, मुकेश-जींद, चंचल-दिल्ली, किशन-बिलासपुर, सचिन-रोहतक

## रंग भरो-197

**रंग भरो-197** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





काशवी, रायपुर



वेदिका, कोरबा



प्रगति, बिलासपुर



कुंजल, रायपुर



रिधान, अंबिकापुर




प्रभु, कोरबा

इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

आशना-जांजगीर, डॉली-दुर्ग, डिंपल-दुर्ग, पयोनिधि-अंबिकापुर, लोकेश-जबलपुर, नीरज-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, रोशनी-जांजगीर, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, सुरभि-करनाल, तेजस-बिलासपुर, सुमन-हिसार

## रंग भरो 198



बच्चो, यहां एक छोटे-से एक्वेरियम में मछली को चारा डालती एक लड़की का ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो: संपादक-फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### सालाना 12 करोड़...

कर पा रहे थे। हाल ही में माओवादी कैम्प को ध्वस्त करने के बाद मिले दस्तावेज से इसका खुलासा हुआ है। बीते कुछ वर्षों में करोड़ों का नुकसान होने के बाद माओवादियों ने लेवी की रकम बढ़ा दी थी, लेकिन इसके बाद भी उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा था। अब तक औद्योगिक समूहों व ठेकेदारों से लेवी वसूलने वाले नक्सली अब स्थानीय व्यापारी, छोटे ठेकेदार व ग्रामीणों से भी लेवी वसूली कर रहे थे।

बीते कुछ वर्षों में नक्सलियों ने अपनी कमजोर आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करने के लिए आदिवासियों को धान व तेंदूपता से मिलने वाले सरकारी बोनस पर भी सेंध लगाना शुरू कर दिया था। नक्सली आदिवासियों को धान व तेंदूपता से मिले बोनस से भी एक निश्चित राशि वसूल रहे थे। इसके बाद भी पिछले कुछ वर्षों से उन्हें प्रति वर्ष 4 करोड़ रुपए से अधिक का नुकसान उठाना पड़ रहा था। खबर तो यह भी है कि नुकसान की भरपाई करने के लिए माओवादी पड़ोसी प्रांत ओडिशा से निकलने वाले गांजा पर भी लेवी लेते थे।

**कैम्पों के खुलने से हुआ नुकसान-**

वर्ष 2022 फरवरी माह में बीजापुर जिले के जांगला इलाके में माओवादियों के साथ मुठभेड़ के बाद पुलिस के हाथ लगे दस्तावेजों में इस बात जिक्र है कि कैम्पों के खुलने से हर वर्ष 12 करोड़ की जगह केवल 8 करोड़ की लेवी वसूली हो पा रही थी। पहले वे ग्रामीणों से अनाज व अन्य सामानों से लेवी की वसूली किया करते थे, लेकिन पिछले कुछ सालों में नक्सलियों ने कैश में वसूली शुरू की है। हर वर्ष जैसे ही धान या तेंदूपत्ते का बोनस आता है तो नक्सली उसमें अपना हिस्सा मांगते थे।

**डीकेएसजेडसी लेवी वसूली का प्रमुख केन्द्र-**

आपको बता दें कि माओवादियों की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ करने में दण्डकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी में आने वाले दक्षिण बस्तर डिविजन, पश्चिम बस्तर डिविजन व दरभा डिविजन की मुख्य भूमिका होती थी। इसे दक्षिण सब डिविजन भी कहते हैं। यहीं से माओवादी प्रतिवर्ष करोड़ों रुपए की लेवी वसूली करते रहे हैं। इसके अलावा कुछ वसूली नेशनल पार्क एरिया व अबूझमाड़ एरिया में होती है, लेकिन मुख्य रूप से वसूली का केन्द्र दक्षिण सब डिविजन ही रहा है।

**नोट बंदी के बाद सभंवतः नगद की बजाए सोने से लेनदेन-**

बीजापुर जिले के उतरी क्षेत्र इन्द्रावती के किनारे जंगल में मिले 3.61 करोड़ कैश व 1 किलो सोना मिलने के बाद इस बात की अधिक संभावना है कि नक्सलियों को नगद रकम ले जाने में हो रही दिक्कत को देखते हुए सोना के रूप में भी लेवी वसूली की जा रही थी। बहरहाल पूरे मामले की जांच की जा रही है तथा नक्सलियों के आर्थिक स्त्रोत का पता लगाया जा रहा है।
सुंदरराज पट्टलिंगम, आईजी बस्तर।

### काउंट डाउन शुरू,...

इन चीफ हेमला विज्जा व डीवीसीएम व आदेरबेड़ा ओरछा निवासी परतापुर एरिया कमेटी सचिव चंदर कतलाम के अलावा 5-5 लाख के ईनामी कोत्तागुड़ा बासागुड़ा निवासी एसीएम जगरगुण्डा एरिया कमेटी किशोर उर्फ आयतु डोडी, आधंप्रदेश निवासी उत्तर बस्तर डिवीजन परतापुर एरिया कमेटी एसीएम रूपी पति विजय रेड्डी, बड़ेपल्ली बीजापुर निवासी एसीएम मगेंश परचापी उर्फ सोमलू तथा कोटमेटा मर्दापाल निवासी एसीएम मनीषा कोर्राम मेंबर परतापुर एरिया कमेटी समेत लगभग 50 नक्सली फोर्स के हिट लिस्ट में जिन्हे जल्द समर्पण करने लगातार अपील की जा रही है। निर्धारित तिथि के भीतर समर्पण नहीं करने पर उन्हे फोर्स का सामना करना पड़ सकता है।

**सरेंडर करें, सम्मानपूर्वक जीने का मिलेगा अवसर-**

बचे हुए नक्सलियों से अपील करते हैं कि वे हिंसा व भटकाव का रास्ता छोड़कर समाज की मुख्यधारा से जुड़ें। यह अतिंम अवसर है। सरकार की आत्मसमर्पण व पुनर्वास योजनाओं का लाभ देने के साथ ही समाज में सम्मानपूर्वक जीने का अवसर मिलेगा।
सुन्दरराज पट्टलिंगम, आईजी बस्तर।

### छत्तीसगढ़ में फिर...

के मुद्दों पर मुखर रुख और स्थानीय समाज की नब्ज को समझने वाली रिपोर्टिंग ने हरिभूमि को पाठकों के दिल के करीब पहुंचाया है।

### जनपक्षीय पत्रकारिता...

हरिभूमि इसका उदाहरण बनकर उभरा है। छत्तीसगढ़ में यह बढ़त इस बात का संकेत भी है कि पाठक आज भी सिर्फ खबर नहीं, बल्कि समाज से जुड़े सरोकारों की पत्रकारिता को महत्व देते हैं।

### त्रिपुरी के बाद...

जाने की बात सामने है जिसके बाद कलेक्टर एसपी के नेतृत्व में पुलिस की टीम जब्ती की कार्रवाई में लगी हुई है।

बता दें कि दुर्ग जिले के बाद बलरामपुर जिले के कुसमी अंतर्गत त्रिपुरी गांव में अफीम की खेती किए जाने का मामला सामने आया था। त्रिपुरी गांव में पुलिस व राजस्व विभाग की टीम कार्रवाई कर ही रही थी कि 11 मार्च को कुसमी विकासखंड के खजुरी पंचायत अंतर्गत तुर्रीपानी से भी अफीम की खेती किए जाने की बात सामने आने लगी थी। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भी इसे लेकर सोशल मीडिया पर ट्वीट किया था लेकिन रात के समय पुलिस अधिकारी अफीम की खेती की पुष्टि नहीं कर रहे थे। गुरुवार को सूचना के आधार पर पुलिस व राजस्व विभाग की टीम के साथ ही कलेक्टर राजेन्द्र कटारा और एसपी वैभव बैंकर, एफएसएल की टीम मौके पर पहुंची। इस दौरान यह बात सामने आई है कि तुर्रीपानी में भी पांच खेतों में लगभग साढ़े तीन एकड़ से अधिक भूमि पर अफीम की खेतीकी गई थी। अफीम के खेती की पुष्टि होने के बाद मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में खड़ी फसल को नष्ट करने की अनुमति लेकर वीडियो ग्राफी कराई गई और फसल को उखाड़कर जब्ती करने की कार्रवाई की जा रही है। समाचार लिखे जाने तक तुर्रीपानी क्षेत्र में जब्ती की कार्रवाई जारी थी।

**पैदल चलकर जाना पड़ा-**

बताया जा रहा है कि जिस स्थान पर अफीम की खेती की गई है वह छत्तीसगढ़ की सीमा का आखरी गांव है। दूरस्थ पहाड़ी क्षेत्र होने के कारण लोगों की आवाजाही कम होती है। गुरुवार को कलेक्टर, एसपी समेत पूरी टीम, कांग्रेस के जांच दल सभी को कोरंधा से खजुरी होते हुए तुर्रीपानी जाना पड़ा। पहाड़ी और दुर्गम रास्ता होने के कारण सभी ने डेढ़ किमी तक पैदल खड़ी चढ़ाई की और फिर डेढ़ किमी नीचे उतरने के बाद मौके पर पहुंचे।

**ज्यादातर अफीम की हो गई तस्करी-**

तुर्रीपानी में की गई अफीम की खेती में बड़ी बात यह है कि इस खेत से ज्यादातर फसल पकने के बाद कट चुकी है। तस्कर अफीम का लासा निकालकर ले जा चुके है इसके साथ ही डोडा और डोडा पोस्त भी ले जाया गया है। मौके पर जो कुछ भी मिला है वह बची खुची फसल होने की बात कही जा रही है इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि आखिर तस्कर किस तरह योजनाबद्ध तरीके से लम्बे समय से तस्करी का काम कर रहे थे। मौके पर कुछ पोस्तादाना के लिए डोडा सुखाया हुआ मिला है। पुलिस और राजस्व विभाग की टीम खेत से फसल उखाड़ने का काम कर रह थी।

### लासा, डोडा, जड़,...

बता दें कि बलरामपुर जिले के कुसमी विकासखंड अंतर्गत ग्राम त्रिपुरी के घोरसाडांड में अवैध मादक पदार्थ अफीम की खेती किए जाने का मामला सामने आया था। स्थानीय लोगों की शिकायत और वायरल वीडियो के बाद कलेक्टर राजेंद्र कटारा और एसपी वैभव बैंकर के साथ ही पुलिस व राजस्व विभाग की टीम मौके पर पहुंची थी। इस दौरान इस बात की पुष्टि हुई कि रूपदेव भगत व कौशिल भगत खेत में अवैध रूप से मादक पदार्थ अफीम की खेती की जा रही है और फसल पककर तैयार है। अफीम के डोडा में चीरा लगाकर सुखाया गया है। इस मामले के सामने आने के बाद प्रदेश भर में हड़कंप मच गया था। पुलिस व राजस्व विभाग की टीम ने 100 से अधिक मजदूरों को लगाकर खेत से अफीम उखाड़ने का कार्य 11 मार्च को शुरू किया गया था। इस दौरान एसएफएल, पुलिस व जिला प्रशासन के राजस्व विभाग की टीम ने मौके से एनडीपीएस एक्ट के प्रावधानों के तहत अवैध अफीम के फसल को जब्त करने का काम शुरू किया गया। इस दौरान पुलिस ने मौके से अधिकारियों ने दो डब्बा में आधा आधा भरा हुआ अफीम का लासा, चार बड़ी व एक छोटी बोरी में सूखे फल को बरामद करने के साथ ही खेत में मौजूद अफीम जड़, तना व फूल पत्ती के साथ उखाड़कर तौल कराया गया। पुलिस ने मौके से 4344.569 किलोग्राम अफीम की फसल बरामद की जिसकी अनुमानित कीमत ही 4 करोड़ 75 लाख रूपए आंकी गई है।

**चल रही है कार्रवाई-**

सूचना के बाद अफीम लासा, सूखे फल, अफीम को जड़ तना पत्ती फूल फल सहित उखाड़ कर जब्त किया गया है। इस मामले में सात आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इसके साथ ही प्रकरण में एंड टू एंड विवेचना कार्रवाई जारी है। इस कारोबार में शामिल जो भी लोग है उन सभी पर विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही जिलेभर में पुलिस, प्रशासन एवं फॉरेस्ट विभाग की संयुक्त टीमों के द्वारा सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। —वैभव बैंकर रमनलाल, एसपी बलरामपुर

**-इन आरोपियों को किया गिरफ्तार-**

पुलिस ने अफीम की खेती के मामले में भूमि स्वामी कुसमी के त्रिपुरी सरनाटोली निवासी 50 वर्षीय रुपदेव राम भगत आ. ठाकुर राम, त्रिपुरी माचाडीपा निवासी 30 वर्षीय कौशिल भगत आ. रंगहू उर्फ रंघु राम के साथ ही भाजपा नेता व पूर्व सरपंच जशपुर जिले के आस्ता भगचंद निवासी 56 वर्षीय जिरमल मुंडा आ. बुधन, गिरोह का सदस्य बिहार गया सोमया बाराचट्टी निवासी 24 वर्षीय मनोज कुमार आ. सीता यादव, 27 वर्षीय उमेन्द्र कुमार आ. रामचंद्र यादव, झारखंड चतरा जोरी के कोलवा निवासी 45 वर्षीय विन्देश्वर आ. कमर गंजहू व जशपुर जिले के आस्ता कुरग निवासी कृष्णा सिंह आ. महादेव सिंह को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उन्होंने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। आरोपी लम्बे समय से क्षेत्र में अफीम की खेती करने के साथ ही तस्करी का कारोबार कर रहा है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8,18 के तहत कार्रवाई की है।

**कर रहे गहन परीक्षण-**

जिले में राजस्व, पुलिस प्रशासन एवं वन विभाग की संयुक्त टीम द्वारा जिले की सीमावर्ती क्षेत्रों सहित जिले की समस्त भूमि का चिन्हांकन कर विधिवत सघन जांच करते हुए गहन परीक्षण किया जा रहा है। यदि किसी भूमि पर अफीम की खेती पाये जाने पर जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाते हुए कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। अफीम या मादक पदार्थों की खेती की जानकारी पुलिस व प्रशासन को दें। सूचना देने वालों की जानकारी गोपनीय रखी जाएगी।
—राजेन्द्र कटारा, कलेक्टर, बलरामपुर

### माता-पिता की...

के हकदार नहीं होते। आय की यह सीमा आखिरी बार 2017 में 6 लाख रुपये से बढ़ाकर 8 लाख रुपये की गई थी। आय के अलावा उच्च संवैधानिक पदों पर आसीन व्यक्तियों, वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों, सशस्त्र बलों के उच्च अधिकारियों और बड़े व्यवसायियों के बच्चों को भी क्रीमी लेयर की श्रेणी में रखा जाता है।

**ओबीसी क्रीमी लेयर का कॉन्सेप्ट कब आया? -**

बता दें कि "क्रीमी लेयर" में अन्य पिछड़ा वर्ग के ज्यादा अमीर और सामाजिक रूप से आगे रहने वाले सदस्य आते हैं, जिन्हें सरकारी नौकरियों और शैक्षणिक संस्थानों में आरक्षण के दायर से बाहर रखा गया है। यह नियम इंद्रा साहनी बनाम यूनियन ऑफ इंडिया केस के बाद आया, जिसमें सुप्रीम कोर्ट ने ओबीसी रिजर्वेशन को सही ठहराया था, लेकिन अमीर तबकों को बाहर रखने का आदेश दिया था।

### किसे माना जाता...

समुदायों की मदद करे। इस कैटेगरी में ऊंचे संवैधानिक पदों, सीनियर सरकारी पदों, ऊंचे पदों पर काम करने वाले लोगों, या अच्छी-खासी प्रॉपर्टी और बिजनेस इनकम वाले लोगों के बच्चे भी शामिल हो सकते हैं। इनकम लिमिट को आखिरी बार 2017 में 6 लाख से 8 लाख रुपए किया गया था।

### रायपुर से रीवा...

हो जाएगा। नई सेवा शुरू होने के बाद यात्रियों को सड़क या रेल मार्ग से कई घंटे का सफर तय नहीं करना पड़ेगा। विमान से यह दूरी लगभग एक घंटे में पूरी हो जाएगी। इससे व्यापार, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं और पर्यटन से जुड़े लोगों को बड़ी सुविधा मिलने की उम्मीद है।

### रीवा और पूरे...

राजेंद्र शुक्ला के अथक प्रयासों के लिए हृदय से आभार व्यक्त करता हूं, जिनके प्रयासों से यह संभव हो पाया। साथ ही एलायंस एयर का भी धन्यवाद, जिन्होंने विंध्य क्षेत्र में एयर कनेक्टिविटी की संभावनाओं को पहचाना। यह सेवा निश्चित ही रीवा और पूरे विंध्य के विकास को नई गति प्रदान करेगी।

### एलपीजी संकट पर...

से किसी पर भी ईंधन खत्म होने (ड्राई-आउट) की स्थिति नहीं है। इधर, देश में तरलीकृत पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) की संभावित किल्लत से त्वरित सेवा रेस्तरां (क्यूएसआर) श्रृंखलाओं का संचालन प्रभावित हो सकता है और उपभोक्ता क्षेत्र की कंपनियों की लागत बढ़ सकती है। ब्रोकरेज फर्म गोल्डमैन सैक्स की एक रिपोर्ट में यह आशंका जताई गई है। रिपोर्ट के मुताबिक, भारत अपनी एलपीजी जरूरत का करीब 60 प्रतिशत आयात करता है और आयात का लगभग 90 प्रतिशत हिस्सा भू-राजनीतिक रूप से संवेदनशील होर्मुज जलडमरूमध्य से होकर गुजरता है। लेकिन पश्चिम एशिया संकट के कारण इस मार्ग से आवागमन लगभग ठप हो जाने से गैस की किल्लत पैदा होने लगी है।

### एलपीजी गैस की...

युद्ध की स्थिति के बावजूद गैस की कमी नहीं होगी, लेकिन अब राज्य में गैस की किल्लत शुरू हो गई है। उन्होंने कहा, लोगों को गैस सिलेंडर के लिए परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं सरकार ने घरेलू गैस की कीमतों में 60 रुपए और कामर्शियल गैस सिलेंडर में 115 रुपए की वृद्धि कर दी है। भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने कहा कि यह मुद्दा राज्य सरकार का नहीं, बल्कि केंद्र का विषय है, इसलिए इसकी चर्चा विधानसभा में नहीं होनी चाहिए।

**शादी के सीजन में बढ़ी परेशानी-**

भूपेश बघेल ने कहा कि व्यावसायिक गैस की सप्लाई भी प्रभावित हो रही है और शादी के सीजन में बिना गैस के खाना बनाना संभव नहीं है। ऐसे में लोगों की चिंता बढ़ना स्वाभाविक है। राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इसका प्रभाव है, लेकिन हमें अपने राज्य की समस्या पर चर्चा करना चाहिए। विपक्ष ने इस मुद्दे पर स्थगन प्रस्ताव के जरिए चर्चा की मांग की, लेकिन आसंदी से अनुमति नहीं मिलने पर विपक्षी सदस्यों के लगातार हंगामे के कारण आसंदी ने सदन की कार्यवाही पांच मिनट के लिए स्थगित कर दी।

### आसंदी ने किया...

व्यावसायिक गैस तो बंद कर दिया गया है, शादी का सीजन है। आसंदी ने इसे केंद्र का विषय बताते हुए अस्वीकार कर दिया। अस्वीकार किए जाने पर कांग्रेस विधायक गर्भगृह में पहुंचकर नारेबाजी करने लगे। इस दौरान विरोध प्रदर्शन करते हुए विपक्ष के विधायक स्वयं ही निलंबित हो गए।

### पीएम मोदी ने...

की प्रतिबद्धता दोहराते हुए सभी पक्षों से संवाद और कूटनीति के जरिए समाधान निकालने की अपील की। इससे विदेश मंत्रालय ने बताया था कि भारत और ईरान के विदेश मंत्रियों के बीच पिछले कुछ दिनों में तीन बार बातचीत हुई है।

### प्रदेश में 28...

उपभोक्ताओं को मूल बकाया जमा करने पर दस फीसदी तक छूट भी दी जाएगी। इस योजना का मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने गुरुवार को राजधानी रायपुर में प्रारंभ किया। योजना के प्रारंभ होते ही पहले दिन 3568 उपभोक्ताओं ने अपना पंजीयन भी करा लिया है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा, बिजली आज हमारी मूलभूत जरूरतों में शामिल हो चुकी है और इसके बिना जीवन की कल्पना संभव नहीं है। कई परिवार आर्थिक कारणों से समय पर बिजली बिल का भुगतान नहीं कर पाते, जिससे सरचार्ज के कारण बकाया राशि बढ़ जाती है और पूरा भुगतान करना कठिन हो जाता है। उन्होंने कहा, उपभोक्ताओं की इसी समस्या को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार ने समाधान योजना शुरू की है, जिससे उन्हें बड़ी राहत मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा, समाधान योजना के माध्यम से लंबे समय से बिजली बिल का भुगतान नहीं कर पाने वाले प्रदेश के निम्न एवं मध्यम आय वर्ग तथा कृषि उपभोक्ताओं को राहत देने की पहल की गई है। योजना के तहत प्रदेश के 28 लाख 42 हजार उपभोक्ताओं को कुल 757 करोड़ रुपए की राहत दी जाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कोरोना काल में आर्थिक कठिनाइयों के कारण कई उपभोक्ता बिजली बिल का भुगतान नहीं कर पाए थे, जिससे बकाया राशि बढ़ गई थी। राज्य सरकार ने उपभोक्ताओं की इस परेशानी को समझते हुए समाधान योजना लागू की है।

**निष्क्रिय कनेक्शनों के लिए बड़ी राहत-**

इसी योजना में 31 मार्च 2023 की स्थिति में निष्क्रिय उपभोक्ता, सक्रिय एकल बत्ती कनेक्शनधारी उपभोक्ता तथा सक्रिय अशासकीय घरेलू एवं अशासकीय कृषि उपभोक्ता शामिल हैं। इन श्रेणियों के उपभोक्ताओं को विद्युत देयक जमा करने के लिए प्रोत्साहन के रूप में अधिभार की राशि में 100 प्रतिशत छूट तथा मूल बकाया राशि में 75 प्रतिशत तक छूट का प्रावधान किया गया है। योजना का लाभ लेने के लिए उपभोक्ताओं को पंजीयन कराना होगा और पंजीयन के समय बकाया राशि का न्यूनतम 10 प्रतिशत भुगतान करना अनिवार्य होगा। शेष राशि का भुगतान किस्तों में किया जा सकेगा और आगामी माह में कोई अधिभार नहीं लगेगा। यह योजना 30 जून 2026 तक चलेगी। कार्यक्रम में रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा, रायपुर नगर निगम महापौर मीनल चौबे, जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल, ऊर्जा विभाग के सचिव डॉ. रोहित यादव सहित बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारी और विद्युत उपभोक्ता उपस्थित थे।

---

**सीएमपीडीआई मिनी रत्न cmpdi Mini Ratna**

**सेन्ट्रल माईन प्लानिंग एण्ड डिजाईन इन्स्टीच्यूट लिमिटेड**
**CENTRAL MINE PLANNING & DESIGN INSTITUTE LIMITED**
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक अनुषंगी कंपनी)
गोन्दवाना प्लेस, काँके रोड, राँची-834008, झारखण्ड, इंडिया

**सूचना**

"सामग्री, कार्यों एवं सेवाओं की खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कंपनियों द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इण्डिया लिमिटेड की वेबसाइट **www.coalindia.in**/संबंधित अनुषंगी कंपनी (सीएमपीडीआई, **www.cmpdi.co.in**), सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल **https://coalindiatenders.nic.in** एवं सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल **https://eprocure.gov.in** पर उपलब्ध हैं। इसके अलावा, जीईएम पोर्टल **https://gem.gov.in** के माध्यम से भी खरीद की जाती है"।

---

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**विविध कार्य हेतु ई-निविदा सूचना**

**क्र.सं. (1) ई-निविदा संख्याः- डीआरएम-इंजी.-बीएसपी-टी-198-25-26, दिनांकः 02.03.2026**

**कार्यः** वरिष्ठ मंडल अभियन्ता/ सेटलमेंट/ बिलासपुर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत बिलासपुर रेलवे स्टेशन के पास अधीनस्थ विश्राम गृह का 03 वर्ष (36 महीने) के लिए मरम्मत एवं रखरखाव कार्य।
**निविदा मूल्य (रू.): 19,02,643.20/-, अमानत राशि (रू.): 38,100.00/-, कार्य पूर्णता की अवधिः 36 माह.**

**क्र.सं. (2) ई-निविदा संख्याः- डीआरएम-इंजी.-बीएसपी-टी-213-25-26, दिनांकः 02.03.2026**

**कार्यः** वरिष्ठ मंडल अभियन्ता/ सेटलमेंट/ बिलासपुर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत बिलासपुर रेलवे स्टेशन के पास 30 बिस्तरों वाले स्टाफ रेस्ट हाउस का प्रावधान और फर्नीचर और बिजली के कार्यों के साथ मौजूदा सुपरवाइजर रेस्ट हाउस का नवीनीकरण।
**निविदा मूल्य (रू.): 4,14,14,384.85/-, अमानत राशि (रू.): 3,57,100.00/-, कार्य पूर्णता की अवधिः 12 माह।**

**क्र.सं. (3) ई-निविदा संख्याः- डीआरएम-इंजी.-बीएसपी-टी-214-25-26, दिनांकः 02.03.2026**

**कार्यः** वरिष्ठ मंडल अभियन्ता/ सेटलमेंट/ बिलासपुर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत प्री और पोस्ट ICU वार्ड बनाना, OPD, कैजुअल्टी, ICU वार्ड का रेनोवेशन, मौजूदा बिल्डिंग में RCC फ्लैट रूफ ट्रीटमेंट, सड़क चौड़ी करना, पेशेंट अटेंडेंट रेस्ट रूम में सुधार, बागवानी का डेवलपमेंट, ड्रेनेज सिस्टम, रास्ते के लिए बाउंड्री वॉल का इंतजाम और 10 कमरों का DNB डॉक्टर्स हॉस्टल, और सेंट्रल हॉस्पिटल बिलासपुर में दूसरे अलग-अलग कार्यों का निष्पादन।
**निविदा मूल्य (रू.): 4,40,41,186.21/-, अमानत राशि (रू.): 3,70,200.00/-, कार्य पूर्णता की अवधिः 12 माह, निविदा जमा की आरंभ तिथिः-** दिनांकः 11.03.2026 से। **निविदा जमा की अंतिम तिथिः-** दिनांकः 25.03.2026 के 11:00 बजे तक।

उपरोक्त ई-निविदा सूचना की पूरी जानकारी https://www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदाओं हेतु ई-टेंडर के अलावा अन्य टेंडर स्वीकार नहीं की जाएगी।

*मंडल रेलवे प्रबंधक (अभि.)*
**सीपीआर/10/736** *द.पू.मध्य रेलवे, बिलासपुर*
South East Central Railway @secrail

---

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**विविध कार्य हेतु निविदा सूचना**

क्र.सं. (1) ई-निविदा सं. डीआरएम-इंजी. बीएसपी-टी-01-26-27, दि. 09-03-2026
कार्य : बिलासपुर मंडल के वरिष्ठ मंडल अभियंता/सेंटलमेंट/बिलासपुर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत बिलासपुर रेलवे सेटलमेंट में सड़को का सुधार का कार्य। निविदा मूल्यः 3,27,94,666.31/–, अनानत राशिः ₹ 3,14,000.00/–, कार्य पूर्णता की अवधिः 09 माह।

क्र.सं. (2) ई-निविदा सं. डीआरएम-इंजी. बीएसपी-टी-02-26-27, दि. 09-03-2026
कार्य : वरिष्ठ मंडल अभियंता/सेंटलमेंट/बिलासपुर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत बिलासपुर रेलवे सेटलमेंट में 02 वर्षों की अवधि के लिये जंगल की सफाई का कार्य। निविदा मूल्यः 55,54,175.00/– अनानत राशिः ₹ 1,11,100.00/–, कार्य पूर्णता की अवधिः 24 माह।

क्र.सं. (3) ई-निविदा सं. डीआरएम-इंजी. बीएसपी-टी-04-26-27, दि. 09-03-2026
कार्य : वरिष्ठ मंडल अभियंता/सेंटलमेंट/बिलासपुर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत कर्मचारियों के लिये पुराने/जर्जर क्वार्टरों के प्रतिस्थापन आधार पर 10 यूनिट टाइप–II, 08 टाइम–III, 08 यूनिट टाइप–IV क्वार्टरों का निर्माण। निविदा मूल्यः 7,46,19,731.91, अमानत राशिः ₹ 5,23,100.00/–, कार्य पूर्णता की अवधिः 12 माह।

निविदा जमा की आरंभ तिथि : दिनांक 19–03–2026 के 11.00 बजे से, निविदा जमा की अंतिम तिथिः 02–04–2026 के 11.00 बजे तक। उपरोक्त ई–निविदा सूचना की पूरी जानकारी https://www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदाओं हेतु ई–टेंडर के अलावा अन्य टेंडर स्वीकार नहीं की जाएगी।

मंडल रेलवे प्रबंधक (अभि.)
सीपीआर/10/FL/747 द.पू.म. रेलवे, बिलासपुर
South East Central Railway @secrail

---

**OFFICE OF THE CHIEF ENGINEER (CIVIL-PROJECT-I), CSPGCL,**
Shed No. 02, Dangania, Raipur-492013 Phone No. 0771-2574567 website www.cspc.co.in E-mail:- cspgcl.coal@gmail.com

PROJ/1268/2026-ED(CIVIL-PROJ)OFC SECTION I/334789/202 Dtd .-11.03.2026

**E-TENDER NOTICE**

Online bids are invited through CSPCL e-bidding system (SAP SRM) from eligible bidders fulfilling the eligibility criteria as mentioned in detailed NIT and having experience of similar nature of work in Govt./Public Sector Undertaking/Power Generating Companies/Local bodies in India only may also be considered on submission of experience certificate for following work as mentioned below :-

| Sl. No. | Tender Specification No. | Description | NIT value i/c GST (Rs.) | EMD (Rs.) | Completion period (incl. Rainy season) | Rfx No. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | CE(CP-I)/ 2x660MW/W/ 2025-26/T-133 | Providing 6 Nos Civil Assistants (Diploma Qualified High-Skilled Labour) at Superintending Engineer (Civil), Circle 2x660MW Project, CSPGCL, Korba West (C.G.). | 15,20,784/- | 15,210/- | 12 Months | 8100050081 |

Cost of tender form is Rs. 590/- (Rs.500/- + 18% GST). Due date & time for submission of bids, Tender Cost & EMD is 02.04.2026 (up to 16:00 Hrs) and bid opening date (Techno commercial bids) is 06.04.2026 (at 16:30) Hrs respectively. The tender document can be viewed and downloaded online from our e-bidding portal https://ebidding.cspcl.co.in:50724/irj/portal. The detailed NIT can also be downloaded from our website using link https://cspc.co.in/ cspgcl tender notices → Central office. **Amendment/ Corrigendum /Extension, if any, will only be uploaded on company's website and shall not be published in newspaper.**

Note: - 1.In case, the rate quoted by the contractor is on extremely lower side than estimated contract value, a performance guarantee @ 5% of contract value i/c GST in addition to Security Deposit shall have to be deposited by the contractor.

**Chief Engineer (Civil-Project-I)**
**CSPGCL, Raipur**

SAVE ELECTRICITY

---

**साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड**
"मिनी रत्न कम्पनी"
(कोल इण्डिया लिमिटेड का उपक्रम)

एसईसीएल/जीएम/विश्रामपुर/भू.रा./26/4496 दिनांक 28.02.2026

**सूचना**

एसईसीएल विश्रामपुर क्षेत्र के अंतर्गत गायत्री भूमिगत परियोजना हेतु ग्राम-पोंडी, जोबगा एवं गेतरा के लिए अधिग्रहित भूमि से प्रभावित भूमिस्वामी एवं उनके नामित आश्रित/उम्मीदवार को एसईसीएल द्वारा मुआवजा भुगतान प्रदान करने हेतु एसईसीएल मुख्यालय, बिलासपुर से स्वीकृति प्राप्त किये जाने बावत् समाचार पत्र में प्रकाशन।

ग्राम-पोंडी

| क्र. | भूमि अधिग्रहण दिनांक 18.08.2017 के भूमिस्वामी का नाम/पिता का नाम (सत्यापित स्टेटमेंट 5 एवं 6 के अनुसार) | स्टेटमेंट 5 एवं 6 के अनुसार वर्तमान भूमिस्वामी का नाम/पिता का नाम | क्र. | दस्तावेज | विभिन्न दस्तावेजों में भूमिस्वामी का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 11 |
| 1 | ना.बा. जयप्रकाश आ. भगवान दास, वली माता अमिता देवी, जाति-तेली (गैर आदिवासी), खसरा क्रमांक एवं रकबा हे. में - 1057/3-0.17 कुल 01 प्लाट, कुल रकबा 0.17 हे. (0.420 एकड़) | ना.बा. जयप्रकाश आ. भगवान दास, वली माता अमिता देवी, जाति-तेली (गैर आदिवासी), खसरा क्रमांक एवं रकबा हे. में - 1057/3-0.17 कुल 01 प्लाट, कुल रकबा 0.17 हे. (0.420 एकड़) | 1 | आधार कार्ड | जयप्रकाश साहू आ. भवन दास साहू | |
| | | | 2 | खसरा/बी-1 | जयप्रकाश आ. भगवान दास, | |
| | | | 3 | ऋण पुस्तिका | जयप्रकाश आ. भगवान दास, | |
| | | | 4 | मुआवजा पत्रक | जयप्रकाश आ. भगवान दास, | |
| | | | 5 | बैंक खाता | JAYPRAKASH SAHU S/o BHAGWAN DAS SAM | |
| | | | 6 | पेन कार्ड | JAYPRAKASH SAHU S/o BHAGWAN DAS SAHU | |

ग्राम-जोबगा

| क्र. | भूमि अधिग्रहण दिनांक 18.08.2017 के भूमिस्वामी का नाम/पिता का नाम (सत्यापित स्टेटमेंट 5 एवं 6 के अनुसार) | स्टेटमेंट 5 एवं 6 के अनुसार वर्तमान भूमिस्वामी का नाम/पिता का नाम | क्र. | दस्तावेज | विभिन्न दस्तावेजों में भूमिस्वामी का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 11 |
| 1 | सम्मल आ. धन्नू, जाति-पनिका (गैर आदिवासी), खसरा क्रमांक एवं रकबा हे. में - 447/2-0.14, 617/1-0.13 कुल 02 प्लाट, कुल रकबा 0.27 हे. (0.667 एकड़) | सम्मल आ. धन्नू, जाति-पनिका (गैर आदिवासी), खसरा क्रमांक एवं रकबा हे.में -447/2-0.14, 617/1-0.13 कुल 02 प्लाट, कुल रकबा 0.27 हे. (0.667 एकड़) | 1 | आधार कार्ड | समल राम आ. धन्नु राम | |
| | | | 2 | खसरा/बी-1 | समल आ. धन्नू | |
| | | | 3 | ऋण पुस्तिका | समल आ. धन्नू, पनिका | |
| | | | 4 | मुआवजा पत्रक | सम्मल आ. धन्नू, जाति- पनिका | |
| | | | 5 | बैंक खाता | SAMAL RAM S/o DHANU RAM | |
| | | | 6 | पेन कार्ड | SAMAL RAM S/o DHANNU RAM | |
| 2 | कवला पिता हीरन, जाति-गोंड़ (आदिवासी), खसरा क्रमांक एवं रकबा हे0 में - 134/3(पी)-0.14, 134/4-0.15, 479-0.04, 623/3-1.08, 623/5-0.38, 623/8-0.62 कुल 06 प्लाट, कुल रकबा 2.41 हे0 (5.955 एकड़) | सूकुल, रामेश्वर, जुगेश्वर आ0 कवला, दशमेत सिंह आ0 कवला, सुमारी पति कवला, जाति-गोंड़ (आदिवासी), खसरा क्रमांक एवं रकबा हे0 में - 134/3(पी)-0.14, 134/4-0.15, 479-0.04, 623/3-1.08, 623/5-0.38, 623/8-0.62 कुल 06 प्लाट, कुल रकबा 2.41 हे0 (5.955 एकड़) | 1 | आधार कार्ड | 1. सुकुल आ. कमला, 2. रामेश्वर आ. कमलाप्रसाद, 3. जगेश्वर आ. कमला, 4. दसमेत बाई पति बुधमन 5. सूमरो पति कमला सिंह | |
| | | | 2 | खसरा/बी-1 | सुकुल आ. कवला, दशमेत पुत्री कवला, सुमारी पति कवला, रामेश्वर आ. कवला, जगेश्वर आ. कवला | |
| | | | 3 | ऋण पुस्तिका | सुकुल आ. कवला, रामेश्वर आ. कवला, जगेश्वर आ. कवला, दशमेत पुत्री कवला, सोमारी बेवा कवला | |
| | | | 4 | मुआवजा पत्रक | सूकुल, रामेश्वर, जुगेश्वर आ.कवला, दशमेत सिंह आ. कवला, सुमारी पति कवला, जाति-गोंड़ | |
| | | | 5 | बैंक खाता | SUKUL S/o KAMLA, SUMARO W/o KAMLA & OTHER's | |
| | | | 6 | पेन कार्ड | 1. SUKUL S/o KAMLA 2. RAMESHWAR S/o KAMLAPRASAD 3. JAGESHWAR S/o KAMLA | |
| 3 | दसरथ पिता पनिकू, जाति-गोंड़ (आदिवासी), खसरा क्रमांक एवं रकबा हे में - 132/1-0.24, 133/1-0.15, 450/2-0.14, 450/6-0.21, 450/12-0.09, 474/2-0.24, 475-0.04 कुल 07 प्लाट, कुल रकबा 1.11 हे. (2.743 एकड़) | दसरथ पिता पनिकू, जाति-गोंड़ (आदिवासी), खसरा क्रमांक एवं रकबा हे में - 132/1-0.24, 133/1-0.15, 450/2-0.14, 450/6-0.21, 450/12-0.09, 474/2-0.24, 475-0.04 कुल 07 प्लाट, कुल रकबा 1.11 हे. (2.743 एकड़) | 1 | आधार कार्ड | दसरथ सिंह आ. पनीकुराम | |
| | | | 2 | खसरा/बी-1 | दशरत आ. पनिकू, जाति-गोंड़ | |
| | | | 3 | ऋण पुस्तिका | दशरथ आ. पनिकू, गोंड़ | |
| | | | 4 | मुआवजा पत्रक | दसरथ पिता पनिकू, जाति-गोंड़ | |
| | | | 5 | बैंक खाता | DASRATH SINGH S/o PANIKURAM | |
| | | | 6 | पेन कार्ड | DASRATH SINGH S/o PANIKURAM | |
| 4 | मायाराम आ. पनिकू, जाति-गोंड (आदिवासी), खसरा क्रमांक एवं रकबा हे. में-132/2-0.24, 133/2-0.15, 450/3-0.13, 450/8-0.20,450/11-0.11, 474/3-0.25 कुल 06 प्लाट, कुल रकबा 1.08 हे.(2.669 एकड़) | मायाराम आ. पनिकू, जाति-गोंड (आदिवासी), खसरा क्रमांक एवं रकबा हे. में - 132/2-0.24, 133/2-0.15, 450/3-0.13, 450/8-0.20, 450/11-0.11, 474/3-0.25 कुल 06 प्लाट, कुल रकबा 1.08 हे. (2.669 एकड़) | 1 | आधार कार्ड | मायाराम आ. पनीकुराम | |
| | | | 2 | खसरा/बी-1 | मायाराम आ. पनिकू, जाति-गोंड | |
| | | | 3 | ऋण पुस्तिका | मायाराम आ. पनिकू, गोंड | |
| | | | 4 | मुआवजा पत्रक | मायाराम आ. पनिकू, जाति-गोंड | |
| | | | 5 | बैंक खाता | MAYARAM S/o PANIKU RAM | |
| | | | 6 | पेन कार्ड | MAYARAM S/o PANKURAM | |
| 5 | इन्द्रमोहनी पुत्री पनिकू, जाति-गोंड़ (आदिवासी), खसरा क्रमांक एवं रकबा हे. में - 450/9-0.25 कुल 01 प्लाट, कुल रकबा 0.25 हे. (0.618 एकड़) | इन्द्रमोहनी पुत्री पनिकू, जाति-गोंड़ (आदिवासी), खसरा क्रमांक एवं रकबा हे. में-450/9-0.25 कुल 01 प्लाट, कुल रकबा 0.25 हे. (0.618 एकड़) | 1 | आधार कार्ड | इन्द्रमनी पति पनीकुराम सिंह | |
| | | | 2 | खसरा/बी-1 | इन्द्रमोहनी पुत्री पनिकू, जाति-गोंड़ | |
| | | | 3 | ऋण पुस्तिका | इन्द्रमनी सिंह आ. पनिकू, गोंड़ | |
| | | | 4 | मुआवजा पत्रक | इन्द्रमोहनी पुत्री पनिकू, जाति-गोंड़ | |
| | | | 5 | बैंक खाता | INDRAMANI / PANIKU RAM | |
| | | | 7 | पेन कार्ड | INDRAMANI D/o PANIKU RAM SINGH | |
| 6 | विश्वनाथ आ. धरमू, जाति-गोंड़ (आदिवासी), खसरा क्रमांक एवं रकबा हे. में - 700-0.17, 701-0.10 कुल 02 प्लाट, कुल रकबा 0.27 हे. (0.667 एकड़) | विश्वनाथ आ. धरमू, जाति-गोंड़ (आदिवासी), खसरा क्रमांक एवं रकबा हे. में - 700-0.17, 701-0.10 कुल 02 प्लाट, कुल रकबा 0.27 हे. (0.667 एकड़) | 1 | आधार कार्ड | विश्वनाथ आ. धरमु | |
| | | | 2 | खसरा/बी-1 | विश्वनाथ आ. धरमू, जाति-गोंड़ | |
| | | | 3 | ऋण पुस्तिका | विश्वनाथ आ. धरमु | |
| | | | 4 | मुआवजा पत्रक | विश्वनाथ आ. धरमू, जाति-गोंड़ | |
| | | | 5 | बैंक खाता | VISHWANATH SINGH S/o DHRMU | |
| | | | 6 | पेन कार्ड | VISHWANATH S/o DHRMU | |

ग्राम-गेतरा

| क्र. | भूमि अधिग्रहण दिनांक 18.08.2017 के भूमिस्वामी का नाम/पिता का नाम (सत्यापित स्टेटमेंट 5 एवं 6 के अनुसार) | स्टेटमेंट 5 एवं 6 के अनुसार वर्तमान भूमिस्वामी का नाम/पिता का नाम | क्र. | दस्तावेज | विभिन्न दस्तावेजों में भूमिस्वामी का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 11 |
| 1 | दिनदयाल आ.मोहन, जाति-पनिका, (गैर आदिवासी), खसरा क्रमांक एवं रकबा हे. में- 48-0.437 कुल 01 प्लाट, कुल रकबा 0.437 हे. (1.080 एकड़) | दिनदयाल आ. मोहन, जाति-पनिका, (गैर आदिवासी), खसरा क्रमांक एवं रकबा हे. में- 48-0.437 कुल 01 प्लाट, कुल रकबा 0.437 हे. (1.080 एकड़) | 1 | आधार कार्ड | दीनदयाल देवांगन आ. मोहन देवांगन | |
| | | | 2 | खसरा/बी-1 | दिनदयाल आ. मोहन, जाति-पनका | |
| | | | 3 | ऋण पुस्तिका | दिनदयाल आ. मोहन | |
| | | | 4 | मुआवजा पत्रक | दिनदयाल आ. मोहन, जाति-पनिका | |
| | | | 5 | बैंक खाता | DINDAYAL DEVANGAN S/o MOHAN DEVANGAN | |
| | | | 6 | पेन कार्ड | DINDAYAL DEVANGAN S/o MOHAN DEVANGAN | |
| 2 | जगनन्दन, सुखनन्दन, शिवनन्दन, नहर आ. सहदेव, ठकुरी बेवा सहदेव, जाति-गोंड़ (आदिवासी), खसरा क्रमांक एवं रकबा हे. में - 37/2-0.793, 39/2(पी)-0.300,51-0.765,52-0.263, 57(पी)-0.130 कुल 05 प्लाट, कुल रकबा 2.251 हे. (5.562 ए.) | नहर सिंह आ. सहदेव, जाति-गोंड़ (आदिवासी), खसरा क्रमांक एवं रकबा हे. में - 37/2-0.793, 39/2(पी)-0.300, 51-0.765, 52-0.263, 57(पी)-0.130 कुल 05 प्लाट, कुल रकबा 2.251 हे. (5.562 ए.) | 1 | आधार कार्ड | नाहर सिंह आ. सहदेव | |
| | | | 2 | खसरा/बी-1 | नाहर सिंह आ. सहदेव, जाति-गोंड़ | |
| | | | 3 | ऋण पुस्तिका | नाहर सिंह आ. सहदेव, जाति-गोंड़ | |
| | | | 4 | मुआवजा पत्रक | नहर सिंह आ. सहदेव, जाति-गोंड | |
| | | | 5 | वंशवृक्ष | नाहर सिंह आ. सहदेव | |
| | | | 6 | बैंक खाता | NAHAR SINGH S/o SAHDEV | |
| | | | 7 | पेन कार्ड | NAHAR SINGH S/o SAHADEO | |
| 3 | दुहन राम आ.मगुराम, जाति-बरगाह खसरा क्रमांक एवं रकबा हे. में - 40(पी)-0.20, 41(पी)-0.40 कुल 02 प्लाट, कुल रकबा 0.060 हे. (0.148 एकड़) | महेश, सहेश, बसंत लाल आ. दुहन राम, राम बाई पु. दुहन राम, जाति-बरगाह खसरा क्रमांक एवं रकबा हे. में -40 (पी)-0.20, 41(पी) - 0.40 कुल 02 प्लाट, कुल रकबा 0.060 हे. (0.148 एकड़) | 1 | आधार कार्ड | 1. महेश राम आ. दूहन, 2. सहेश राम आ. दुहन राम, 3. बसंतलाल आ. दूहन राम, 4. राम बाई यादव आ. बेसाहू राम यादव | |
| | | | 2 | खसरा/बी-1 | महेश, सहेश, बसंत लाल आ. दुहन राम, रामबाई पुत्री दुहन राम, जाति-बरगाह | |
| | | | 3 | ऋण पुस्तिका | महेश, सहेश, बसंत आ. दुहन, रामबाई पिता दुहन | |
| | | | 4 | मुआवजा पत्रक | महेश, सहेश, बसंत लाल आ. दुहन राम, राम बाई पु. दुहन राम, जाति-बरगाह | |
| | | | 5 | वंशवृक्ष | महेश राम, सहेश राम, राम बाई, बसंत लाल आ. दुहन राम | |
| | | | 6 | बैंक खाता | SAHESH RAM S/o DUHAN & OTHER's | |
| | | | 7 | पेन कार्ड | 1. MAHESH RAM S/o DUHAN, 2. RAM BAI YADAV D/o DUHAN YADAV | |
| 4 | सुखमनिया पु. सुखदेव, जाति-गोंड़ (आदिवासी), खसरा क्रमांक एवं रकबा हे. में - 59/4-0.169 कुल 01 प्लाट, कुल रकबा 0.169 हे. (0.418 एकड़) | सुखमनिया पु. सुखदेव, जाति-गोंड़ (आदिवासी), खसरा क्रमांक एवं रकबा हे. में - 59/4-0.169 कुल 01 प्लाट, कुल रकबा 0.169 हे. (0.418 एकड़) | 1 | आधार कार्ड | SUKHAMEN MARAVI W/o VEER SAI | |
| | | | 2 | खसरा/बी-1 | सुखमनिया पुत्री सुखदेव, जाति-गोंड़ | |
| | | | 3 | ऋण पुस्तिका | सुखमनिया पुत्री सुखदेव, जाति-गोंड़ | |
| | | | 4 | मुआवजा पत्रक | सुखमनिया पु. सुखदेव, जाति-गोंड | |
| | | | 5 | बैंक खाता | SUKHMEN MARAVI W/O DHIRSAY MARAVI | |
| | | | 6 | पेन कार्ड | SUKHAMEN MARAVI D/o SUKHDEV RAM | |
| 5 | फूलमेत पति जगसाय, जाति-गोंड़ (आदिवासी), खसरा क्रमांक एवं रकबा हे. में - 59/2(पी)-0.035 कुल 01 प्लाट, कुल रकबा 0.035 हे. (0.086 एकड़) | फूलमेत पति जगसाय, जाति-गोंड़ (आदिवासी), खसरा क्रमांक एवं रकबा हे. में - 59/2(पी)-0.035 कुल 01 प्लाट, कुल रकबा 0.035 हे. (0.086 एकड़) | 1 | आधार कार्ड | फुलमेत बाई पति जग्साय | |
| | | | 2 | खसरा/बी-1 | फुलमेत पति जगसाय, जाति-गोंड़ | |
| | | | 3 | ऋण पुस्तिका | फूलमेत पति जगसाय, गोंड़ | |
| | | | 4 | मुआवजा पत्रक | फूलमेत पति जगसाय, जाति-गोंड़ | |
| | | | 5 | बैंक खाता | FULMET BAI W/O LATE JAG SAI | |
| | | | 6 | पेन कार्ड | FULMET BAI D/o GHHOGHRA SAI | |

अतः किसी भी सम्बंधित व्यक्ति को इस पर आपत्ति हो तो अपना पूरा नाम, हस्ताक्षर, पता एवं मूल दस्तावेजों/प्रमाण पत्रों के साथ इसकी लिखित शिकायत अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में इस सूचना के प्रकाशन के सात दिवस के भीतर व्यक्तिगत रुप से उपस्थित हो कर प्रस्तुत करें, अन्यथा समयावधि के पश्चात् प्रस्तुत दावा/आपत्ति मान्य नहीं होगी और ना ही स्वीकार किया जायेगा।

SECL/25-26/338

नोडल अधिकारी (भू.रा.), एसईसीएल, विश्रामपुर क्षेत्र

# रियाल की मैनचेस्टर पर आसान जीत, पीएसजी ने चेल्सी को हराया

एजेंसी ▶▶| मैड्रिड

फेडेरिको वाल्वरडे की शानदार हैट्रिक की मदद से रियाल मैड्रिड ने चैंपियंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट की दो दिग्गज टीमों के बीच खेले गए अंतिम 16 के पहले चरण के मुकाबले में मैनचेस्टर सिटी को 3-0 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने के लिए अपनी स्थिति मजबूत कर ली। वाल्वरडे ने बर्नबेउ में खेले गए मैच के पहले हाफ में 20वें, 27वें और 42वें मिनट में गोल किए। उरुग्वे के इस अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी ने चोटिल होने के कारण नहीं खेल पाने वाले किलियन एमबाप्पे, जूड बेलिंगहैम और रोड्रिगो की अनुपस्थिति में रिकॉर्ड 15 बार के चैंपियन रियाल मैड्रिड की जिम्मेदारी बखूबी संभाली।



### हमें कभी चुका हुआ मत समझना : कोच अल्वारो

रियाल मैड्रिड के कोच अल्वारो अर्बेलोआ ने ब्रॉडकास्टर मोविस्टार से कहा, ''हम रियाल मैड्रिड हैं। हमें कभी चुका हुआ समझने की गलती नहीं करें।'' यह जीत और भी शानदार हो सकती थी, लेकिन विनीसियस जूनियर दूसरे हाफ में पेनल्टी को गोल में नहीं बदल पाए। उनके शॉट को जियानलुइगी डोनारुम्मा ने बचा लिया। मैनचेस्टर सिटी को अगर अब क्वार्टर फाइनल में पहुंचना है तो उसे दूसरे चरण के मैच में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।

# आईपीएल-2026 : चुनाव की तारीखों के बाद जारी होगा दूसरे चरण का शेड्यूल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने स्पष्ट किया है कि इंडियन प्रीमियर लीग 2026 तय कार्यक्रम के अनुसार ही आयोजित होगा। लीग के पहले चरण का कार्यक्रम 28 मार्च से 12 अप्रैल तक रखा गया है, जिसकी घोषणा बुधवार को की गई। बीसीसीआई उपाध्यक्ष ने यह भी कहा कि चुनाव आयोग द्वारा पश्चिम बंगाल, असम और तमिलनाडु में होने वाले विधानसभा चुनावों की तारीखों की घोषणा के बाद शेष कार्यक्रम सार्वजनिक किया जाएगा।

### चुनावों से किसी भी तरह न हो व्यवधान : राजीव शुक्ला



मीडिया से बातचीत में बीसीसीआई उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने कहा, आईपीएल तय कार्यक्रम के अनुसार ही आयोजित होगा। पहले चरण का कार्यक्रम जारी कर दिया गया है और बाकी मुकाबलों का कार्यक्रम चुनाव आयोग द्वारा चुनाव की तारीखों की घोषणा के बाद जारी किया जाएगा। बीसीसीआई पश्चिम बंगाल, असम और तमिलनाडु में होने वाले विधानसभा चुनावों से किसी भी तरह के टकराव से बचना चाहता है। पश्चिम एशिया में बढ़ता तनाव भी प्रतियोगिता के कार्यक्रम को प्रभावित कर सकता है। ज्ञात हो कि आईपीएल 2026 का पहला चरण 28 मार्च, 2026 से 12 अप्रैल, 2026 तक खेला जाएगा। इस दौरान 3 राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं और चुनाव की तारीखों का ऐलान होने के बाद टूर्नामेंट का पूरा शेड्यूल घोषित किया जाएगा। पहले चरण के कुल 20 मैच बेंगलुरु, मुंबई, गुवाहाटी, न्यू चंडीगढ़, लखनऊ, कोलकाता, चेन्नई, दिल्ली, अहमदाबाद और हैदराबाद में खेले जाने हैं। दोपहर के मैच 03:30 बजे से और शाम के मैच 07:30 बजे से शुरू होंगे।

### पहले चरण में 4 डबल-हेडर मुकाबले

घोषित कार्यक्रम के अनुसार लीग के पहले चरण में कुल 20 मुकाबले होंगे। इस दौरान 4 और 5 अप्रैल तथा 11 और 12 अप्रैल को 2-2 मुकाबले होंगे। पहले चरण में सभी 10 टीमों को 4-4 मुकाबले दिए गए हैं। राजस्थान रॉयल्स अपने 3 घरेलू मुकाबले गुवाहाटी में खेलेगी, जबकि 4 मैच जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में होंगे। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के 2 मुकाबले रायपुर में होंगे और पंजाब किंग्स के 3 मैच धर्मशाला में होंगे।

## खबर संक्षेप



### श्रीलंका-अफगानिस्तान के बीच सीरीज कल से

**नई दिल्ली।** अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने श्रीलंका क्रिकेट टीम के खिलाफ वनडे और टी-20 सीरीज की घोषणा की है। इस सीरीज में शुक्रवार 13 मार्च से 3 मैचों की टी-20 सीरीज और 20 मार्च से 3 मैचों की वनडे सीरीज खेली जाएगी। ये दोनों सीरीज यूएई में खेली जाएंगी। बता दें कि 2024 के बाद ये दोनों टीमें द्विपक्षीय सीरीज में आपस में भिड़ने के लिए तैयार हैं। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड के सीईओ नसीब खान ने पहली बार श्रीलंका की मेजबानी को लेकर खुशी जताई। उन्होंने कहा, हम अपने इतिहास में पहली बार श्रीलंका की मेजबानी के लिए उत्सुक हैं। शुक्रवार 13 मार्च से शारजाह में पहला टी-20 मैच खेला जाएगा। इसके बाद 15 और 17 मार्च को टी-20 मुकाबले खेले जाएंगे। ये तीनों मुकाबले शारजाह में होंगे। इसके बाद 20 मार्च को होने वाले पहले मैच के साथ वनडे सीरीज की शुरुआत हो जाएगी। इसके बाद 22 मार्च और 25 मार्च को क्रमशः दूसरा और तीसरा वनडे खेला जाएगा। वनडे सीरीज के मैच दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा।

दोनों टीमों के बीच होगी एक टेस्ट और तीन मैचों की वनडे सीरीज

# भारत और अफगानिस्तान सीरीज में फिर खेलते नजर आएंगे विराट और रोहित

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अफगानिस्तान क्रिकेट टीम जून 2026 में भारत दौरे पर आएगी। टीम भारत में 3 मैचों की वनडे सीरीज और एकमात्र टेस्ट खेलेगी। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने इसका पूरा शेड्यूल जारी कर दिया है। इस दौरे में कोई टी-20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबला नहीं होगा। 2027 में होने वाले वनडे विश्व कप को देखते हुए यह वनडे सीरीज दोनों टीमों के लिए काफी अहम मानी जा रही है। विराट कोहली और रोहित शर्मा भी एक बार फिर खेलते हुए नजर आएंगे।

### ऐसा है सीरीज का शेड्यूल

एकमात्र टेस्ट मैच 6 जून को शुरू होगा। ये मुकाबला न्यू चंडीगढ़ स्टेडियम में सुबह 9:30 बजे से खेला जाएगा। वहीं, पहला वनडे मुकाबला धर्मशाला क्रिकेट स्टेडियम में 14 जून को दोपह 1:30 बजे से शुरू होगा। दूसरा वनडे लखनऊ के इकाना क्रिकेट स्टेडियम में 17 जून को होगा। ये मैच भी दोपहर 1:30 बजे से शुरू होगा। सीरीज का आखिरी वनडे मुकाबला चेन्नई में 20 जून को खेला जाएगा। ये मुकाबला भी डे-नाइट (1:30 बजे) का होगा।



### वनडे और टेस्ट में भारतीय टीम का पलड़ा रहा है भारी

भारत और अफगानिस्तान के बीच 4 वनडे खेले गए हैं। इस दौरान भारतीय टीम ने 3 मुकाबले अपने नाम किए हैं। 1 मैच में कोई नतीजा नहीं निकल पाया है। दोनों टीमों के बीच आखिरी वनडे मुकाबला अक्टूबर 2023 में खेला गया था। उस मैच में भारतीय टीम को 8 विकेट से जीत मिली थी। दोनों टीमों के बीच सिर्फ 1 टेस्ट मैच साल 2018 में खेला गया था। उसे भारतीय टीम ने पारी और 262 रन से जीता था।

### जडेजा, बुमराह, शमी ने लिए सबसे ज्यादा विकेट

रविंद्र जडेजा ने 3 मैच की 3 पारियों में अफगानिस्तान के खिलाफ 16.28 की औसत से 7 विकेट लिए हैं। जसप्रीत बुमराह के नाम 13 की औसत से 6 विकेट है। मोहम्मद शमी के नाम भी 2 पारियों में 6 विकेट है।

### वनडे और टेस्ट में भारतीय टीम का पलड़ा रहा है भारी

अफगानिस्तान के खिलाफ रोहित-कोहली ने ठोके सबसे ज्यादा रन वनडे क्रिकेट में अफगानिस्तान के खिलाफ सबसे ज्यादा रन रोहित ने बनाए हैं। उनके बल्ले से 3 मैच की 3 पारियों में 75 की औसत से 150 रन निकले हैं। उनकी स्ट्राइक रेट 127.11 की रही है। रोहित ने 1 शतक लगाया है और उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 131 रन रहा है।कोहली ने 3 मैचों की 2 पारियों में 102.52 की स्ट्राइक रेट और 122 की औसत से 122 रन बनाए हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 67 रन रहा है।



### न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका के बीच टी-20 सीरीज 15 से

ओवल। टी-20 विश्व कप 2026 में न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम उपविजेता रही थी। भारत के खिलाफ फाइनल में हारकर कीवी टीम खिताब नहीं जीत सकी थी। अब न्यूजीलैंड की टीम दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम के खिलाफ 15 मार्च से टी-20 सीरीज खेलेगी। प्रोटियाज टीम केशव महाराज की कप्तानी में चुनौती पेश करेगी। टी-20 विश्व कप में कप्तानी करने वाले एडेन मार्करम न्यूजीलैंड सीरीज के लिए उपलब्ध नहीं हैं।
**ऐसी है दक्षिण अफ्रीका की टीम** : दक्षिण अफ्रीका की टीम में कॉनर एस्टरहुइजन, डियान फॉरेस्टर, जॉर्डन हरमन, ईथन बॉश और नकोबानी मोकोएना के रूप में 5 अनकैप्ड खिलाड़ियों को शामिल किया गया है।

एटीपी मास्टर्स 1000

# भांबरी ने पहली बार बनाई सेमीफाइनल में जगह



एजेंसी ▶▶| इंडियन वेल्स

भारत के युकी भांबरी ने स्वीडन के अपने साथी गोरान गोरानसन के साथ मिलकर सीधे सेटों में जीत दर्ज करके बीएनपी परिबास इंडियन वेल्स ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष युगल के सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

यह पहला अवसर है जबकि भांबरी किसी एटीपी मास्टर्स 1000 टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचे हैं। इससे पहले वह दो बार मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल तक पहुंच चुके थे।

### भांबरी-गोरानसन ने इन्हें हराया

भांबरी और गोरानसन ने क्वार्टर फाइनल में ऑस्ट्रिया के एलेक्जेंडर एरलर और इटली के एंड्रिया वावस्सौरी को सीधे सेटों में 6-3, 7-6 से हराया। यह मैच एक घंटे 30 मिनट से अधिक समय तक चला।
भारत और स्वीडन की जोड़ी ने अपनी पहली सर्विस पर दबदबा बनाए रखा और इस पर 83 प्रतिशत अंक (35 में से 29) जीते। इससे उन्हें दूसरे सेट में टाई-ब्रेक और मैच जीतने में मदद मिली। भांबरी और गोरानसन शुक्रवार को सेमीफाइनल में फ्रांस के आर्थर रिंडरकनेच और मोनाको के वैलेंटीन वाचेरोट से भिड़ेंगे। रिंडरकनेच और वाचेरोट ने क्वार्टरफाइनल में आंद्रे रुबलेव और करेन खाचानोव की रूसी जोड़ी को 6-3 6-4 से हराया।

### द.अफ्रीका और वेस्टइंडीज का खिलाड़ी जत्था स्वदेश रवाना

*दुबई। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने गुरुवार को बताया कि टी20 विश्व कप के बाद भारत में फंसे दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज के खिलाड़ियों का आखिरी जत्था भी स्वदेश रवाना हो गया है, जिससे पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के कारण खाड़ी देशों के हवाई क्षेत्र के बंद होने से पैदा हुई परेशानी खत्म हो गई। खाड़ी क्षेत्र में चल रहे युद्ध के कारण दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज की टीम कोलकाता में फंस गई क्योंकि दुबई जैसे प्रमुख हवाई अड्डे और हवाई क्षेत्र को बंद कर दिया गया था। वेस्टइंडीज के नौ खिलाड़ी इस सप्ताह की शुरुआत में ही स्वदेश रवाना हो गए थे, जबकि बाकी बचे 16 खिलाड़ियों के लिए वाणिज्यिक उड़ानों की बुकिंग हो चुकी थी।*

टेनिस टूर्नामेंट

# जैक ड्रेपर ने नोवाक जोकोविच को हराया



एजेंसी ▶▶| इंडियन वेल्स (अमेरिका)

मौजूदा चैंपियन जैक ड्रेपर ने पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करके बीएनपी पारिबास ओपन टेनिस टूर्नामेंट के चौथे दौर में पांच बार के चैंपियन नोवाक जोकोविच को 4-6, 6-4, 7-6 (5) से हराया।

हाथ की चोट के कारण आठ महीने तक बाहर रहने के बाद वापसी करने वाले 24 वर्षीय ड्रेपर इस जीत से क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए हैं जहां उनका मुकाबला दानिल मेदवेदेव से होगा। तीसरे सेट में जोकोविच 6-5 से आगे थे, लेकिन वह इसका फायदा नहीं उठा पाए और ड्रेपर ने वापसी करते हुए मैच को टाईब्रेकर तक पहुंचा दिया। मेदवेदेव ने एक अन्य मैच में एलेक्स मिशेलसन को 6-2, 6-4 से पराजित किया।

### मैं अच्छा प्रदर्शन करने प्रतिबद्ध हूं : ड्रेपर

ड्रेपर ने मैच के बाद कहा, ''मुझे अब भी ऐसा नहीं लगता कि मैं उस तरह से खेल रहा हूं जैसा मैं खेलना चाहता हूं। लेकिन मैं अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रतिबद्ध हूं।'' रिकॉर्ड 24 बार ग्रैंड स्लैम चैंपियन 38 वर्षीय जोकोविच ने 2008, 2011, 2014, 2015 और 2016 में इंडियन वेल्स में खिताब जीता था।

### मन्नेपल्ली ने केंट को हराकर स्विस ओपन के दूसरे दौर में किया प्रवेश

**बासेल।** भारतीय शटलर थारुन मन्नेपल्ली ने जापान के अपने प्रतिद्वंदी केंटा निशिमोटो के निर्णायक सेट में रिटायर होने के बाद स्विस ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल के दूसरे दौर में जगह बनाई। विश्व रैंकिंग में 43वें स्थान पर काबिज मन्नेपल्ली बुधवार की रात खेले गए इस मैच में तब 16-21 21-16 7-2 से आगे चल रहे थे, जब पांचवीं वरीयता प्राप्त निशिमोटो ने कंधे में दर्द के कारण मैच से हटने का फैसला किया। पिछले साल मकाऊ ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचने वाले 24 वर्षीय मन्नेपल्ली का अगला मुकाबला मलेशिया के जस्टिन होह से होगा।


**Home First Finance Company India Limited**
CIN: L65990MH2010PLC240703, Website: homefirstindia.com
Phone No.: 180030008425 Email ID: loanfirst@homefirstindia.com

**परिशिष्ट- IV-ए {नियम 8 (6)} के परतुंक को देखें**
**अंचल संपत्तियों के विक्रय हेतु बिक्री सूचना**

**वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल परिसंपत्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी बिक्री सूचना, सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) के परंतुक के साथ पठित**

एतद्वारा आम जनता और विशेष रूप से स्तंभ (ii) में वर्णित ऋणधारक (ओं) और सह-ऋणधारक (ओं) को सूचित किया जाता है कि स्तंभ (iii) में वर्णित नीचे वर्णित अचल संपत्तियां, सुरक्षित ऋणदाता के पास गिरवी/बंधक हैं, जिनका भौतिक कब्जा होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी द्वारा इसके बकाया और ब्याज की वसूली के लिए ले लिया गया है, जैसा कि नीचे विवरण दिया गया है। और चूंकि बकाया चुकाने में विफलता के परिणामस्वरूप, अधोहस्ताक्षरी उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के तहत प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करते हुए उक्त संपत्तियों की बिक्री द्वारा बकाया वसूलने का प्रस्ताव करता है और इसे ''जैसा है जहां है'', ''जैसा है वैसा ही'' और '' जो कुछ भी है'' के आधार पर बेचा जाएगा। नीचे वर्णित है। यह नीलामी ''ऑनलाइन'' आयोजित की जाएगी, जिसका उद्देश्य होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड को कॉलम (i) के अनुसार उधारकर्ता(ओं) और सह-उधारकर्ता(ओं) से देय राशि की वसूली करना है।

| क्र. सं. | ऋणधारक(ओं) एवं सह-ऋणधारक(ओं) के नाम | संपत्ति का पता | मांग सूचना की तिथि | मांग सूचना की राशि | कब्जे की तिथि | आरक्षित मूल्य | ईएमडी राशि | नीलामी की तिथि और समय | ईएमडी और दस्तावेजों को जमा करने की अंतिम तिथि और समय | प्राधिकृत अधिकारी का नंबर |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | शेखर सिंह, विश्राम कोलाम | प्लॉट-मौजा निरतू, ख.नं. 1704/3/के/2, मौजा निरतू, प.ह.नं. 53 तहसील - तखतपुर, रा.नि.मं.- सकरी, जिला- बिलासपुर, (छ.ग.), बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001 चौहद्दी: पूर्व - सड़क, पश्चिम-भोला श्रीवास की भूमि, उत्तर-विक्रेता की भूमि, दक्षिण-विक्रेता की भूमि। | 03-01-2026 | 11,96,383 | 07-03-2026 | 80,000 | 8,000 | 13-04-2026 (11am-2pm) | 11-04-2026 (upto 5pm) | 9730775533 |
| 2. | सतीश कुमार थावरे, मोनिका पाटिल | प्लॉट-मौजा सैदा, ख.नं. 147/4 (भाग), प.ह.नं. 41, मौजा सैदा, तहसील एवं जिला बिलासपुर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001 चौहद्दी: पूर्व-सड़क, पश्चिम- सूर्यवंशी की भूमि, उत्तर - विक्रेता की भूमि, दक्षिण -विक्रेता की भूमि। | 03-01-2026 | 13,03,857 | 07-03-2026 | 1,44,000 | 14,400 | 13-04-2026 (11am-2pm) | 11-04-2026 (upto 5pm) | 9730775533 |
| 3. | सोनू पात्रे, दुर्गा पात्रे | मकान- ख.नं. 141/03(भाग), नंबर-01, शीट नं.-07, शिवमंदिर गोकुलधाम फेज़ II के पास, मौजा - मेण्ड्रा प.ह.नं.- 42, रा.नि.मं.- पेंडारी, तह.- सकरी, जिला- बिलासपुर (छ.ग.), बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001 चौहद्दी: पूर्व - राजेश की भूमि, पश्चिम - अग्रवाल की भूमि, उत्तर - अग्रवाल की भूमि, दक्षिण - प्रस्तावित सड़क। | 03-01-2026 | 11,64,439 | 07-03-2026 | 5,28,750 | 52,875 | 13-04-2026 (11am-2pm) | 11-04-2026 (upto 5pm) | 9730775533 |
| 4. | रामू श्रीवास शशि श्रीवास | मकान- ख.नं. 85/8, प.ह.नं. 25, मौजा खमतराई, तहसील व जिला बिलासपुर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001 चौहद्दी: पूर्व - निस्तारी रास्ता, पश्चिम- अन्य की भूमि, उत्तर - अन्य भूमि, दक्षिण - कीर्ति रजक की भूमि। | 03-01-2026 | 15,22,175 | 07-03-2026 | 5,22,000 | 52,200 | 13-04-2026 (11am-2pm) | 11-04-2026 (upto 5pm) | 9730775533 |
| 5. | त्रिलोचन दास मानिकपुरी, लता बाई मानिकपुरी | फ़्लैट-ख नं. 278/2, मौजा निरतु, प.ह.नं. 53, रा.नि.मं. पेंड्री विकास खंड, तह. तखतपुर व जिला-बिलासपुर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001 चौहद्दी: पूर्व - निस्तारी रास्ता, पश्चिम-सुधीर रॉय का प्लॉट, उत्तर - रामकुमार का प्लॉट, दक्षिण - श्रीकांत सोनी का प्लॉट। | 03-01-2026 | 10,40,790 | 07-03-2026 | 84,000 | 8,400 | 13-04-2026 (11am-2pm) | 11-04-2026 (upto 5pm) | 9730775533 |
| 6. | अभिषेक यादव, महेश यादव, रूमा यादव | प्लॉट-ख.नं. 671/4, मौजा मेंड्रा, प.ह.नं. 42, तहसील सकरी, जिला बिलासपुर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001। चौहद्दी: उत्तर- अन्य का प्लॉट, दक्षिण - 25 फुट चौड़ी सड़क, पूर्व - विक्रेता का प्लॉट, पश्चिम - विक्रेता का प्लॉट। | 03-01-2026 | 8,40,291 | 07-03-2026 | 3,00,000 | 30,000 | 13-04-2026 (11am-2pm) | 11-04-2026 (upto 5pm) | 9730775533 |
| 7. | अजय कुमार निर्मलकर, हेमलता निर्मलकर | प्लॉट- 126/104, मौजा पत्थरखान, प.ह.नं. 16/30, रा.नि.मं., तहसील एवं विकासखंड बिल्हा, जिला बिलासपुर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001 चौहद्दी: पूर्व - निस्तारी रास्ता, पश्चिम- लोहरानी का प्लॉट, उत्तर - विक्रेता का प्लॉट, दक्षिण - विक्रेता का प्लॉट । | 03-01-2026 | 10,56,779 | 07-03-2026 | 72,000 | 7,200 | 13-04-2026 (11am-2pm) | 11-04-2026 (upto 5pm) | 9730775533 |
| 8. | पूजा सिंह, शिव विशाल सिंह | प्लॉट- ख.नं. 1704/3/घ/2, मौजा निरतू, प.ह.नं 53, तहसील- सकरी, जिला- बिलासपुर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001 चौहद्दी: पूर्व-निस्तारी रास्ता, पश्चिम -विक्रेता का प्लॉट, उत्तर - -विक्रेता का प्लॉट, दक्षिण - अन्य का प्लॉट। | 03-01-2026 | 11,11,243 | 07-03-2026 | 80,000 | 8,000 | 13-04-2026 (11am-2pm) | 11-04-2026 (upto 5pm) | 9730775533 |
| 9. | आकाश सायगोर, विकास सायगोर, संजना अहिरवार | मकान-मौजा - मुढ़ीपार, ख.नं. 360/1, प.ह.नं. 9, रा.नि.मं. - बिल्हा, तहसील - बिल्हा, जिला - बिलासपुर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495006 चौहद्दी: पूर्व - विक्रेता की शेष भूमि, पश्चिम - विक्रेता की शेष भूमि, उत्तर - सड़क, दक्षिण - दीपक राठौर की भूमि। | 03-01-2026 | 8,25,105 | 07-03-2026 | 60,000 | 6,000 | 13-04-2026 (11am-2pm) | 11-04-2026 (upto 5pm) | 9730775533 |
| 10. | दीपक कुमार श्रीवास, कला बाई श्रीवास | मकान-डायवर्टेड आवासीय भूमि, शीट नंबर 3, भूखंड नंबर 42, खसरा नंबर 33/6 का भाग, (बिक्री समझौता क्षेत्रफल 1001 वर्ग फुट), पटवारी हल्का नंबर 50, ग्राम गनियारी, राजस्व निरीक्षक गनियारी, तहसील सकरी, जिला बिलासपुर, छत्तीसगढ़, बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495006 चौहद्दी: पूर्व-सड़क, पश्चिम - विक्रेता की शेष भूमि, उत्तर - विक्रेता की शेष भूमि, दक्षिण - बिल्लू की भूमि। | 03-01-2026 | 9,02,832 | 07-03-2026 | 1,00,100 | 10,010 | 13-04-2026 (11am-2pm) | 11-04-2026 (upto 5pm) | 9730775533 |

| ई-नीलामी सेवा प्रदाता | ई-नीलामी वेबसाइट/विवरण, अन्य नियम और शर्तें | ईएमडी/अन्य राशि जमा करने के लिए खाता संख्या | शाखा का IFSC कोड | लाभार्थी का नाम |
|---|---|---|---|---|
| कंपनी का नाम: ई-प्रोक्योरमेंट टेक्नोलॉजीज लिमिटेड (ऑक्शन टाइगर) हेल्पलाइन नंबर: 079-35022160/149/182 संपर्क व्यक्ति: राम शर्मा - 8000023297 ईमेल आईडी: ramprasad@auctiontiger.net और support@lauctiontiger.net | http://www.homefirstindia.com https://homefirst.auctiontiger.net | 912020036268117 होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड - एक्सिस बैंक लिमिटेड, एमआईडीसी, अंधेरी पूर्व। | UTIB0000395 | अधिकृत अधिकारी, होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड |

**बोली वृद्धि राशि - रु. 10,000/- रुपये।** यह बिक्री अधोहस्ताक्षरी द्वारा वेब पोर्टल (https://homefirst.auctiontiger.net) पर उपलब्ध ई-नीलामी प्लेटफॉर्म के माध्यम से की जाएगी। ऑनलाइन ई-नीलामी बोली प्रपत्र, घोषणापत्र और ऑनलाइन नीलामी बिक्री के सामान्य नियम एवं शर्तें युक्त ई-नीलामी निविदा दस्तावेज पोर्टल साइट पर उपलब्ध हैं। अधिकृत अधिकारी की जानकारी के अनुसार, संपत्ति पर कोई भार नहीं है। हालांकि, इच्छुक बोलीदाताओं को अपनी बोली जमा करने से पहले, संपत्ति पर भार, नीलामी के लिए रखी गई संपत्ति के स्वामित्व और संपत्ति को प्रभावित करने वाले दावों/अधिकारों/देयताओं के संबंध में स्वयं स्वतंत्र जांच कर लेनी चाहिए। ई-नीलामी विज्ञापन होम फर्स्ट की ओर से कोई प्रतिबद्धता या प्रतिनिधित्व नहीं है और न ही इसे ऐसा माना जाएगा। संपत्ति होम फर्स्ट को ज्ञात या अज्ञात सभी मौजूदा और भविष्य के भारों के साथ बेची जा रही है। अधिकृत अधिकारी/सुरक्षित लेनदार किसी भी तृतीय-पक्ष के दावों/अधिकारों/देयताओं के लिए किसी भी तरह से जिम्मेदार नहीं होंगे। यह बिक्री प्रतिभूतिकरण एवं वित्तीय परिसंपत्तियों के पुनर्निर्माण एवं सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत निर्धारित नियमों/शर्तों के अधीन होगी। **किसी भी विसंगति की स्थिति में, सूचना का अंग्रेजी संस्करण प्रामाणिक माना जाएगा।**

**सरफेसी अधिनियम, 2002 के अंतर्गत वैधानिक 30 दिवसीय बिक्री सूचना**

ऋणकर्ता/गारंटर को सूचित किया जाता है कि वे मांग सूचना में उल्लिखित राशि, अद्यतन ब्याज और अन्य संबंधित खर्चों सहित, ई-नीलामी की तिथि से पूर्व भुगतान करें। ऐसा न करने पर संपत्ति की नीलामी/बिक्री की जाएगी और यदि कोई बकाया राशि हो, तो उसे ब्याज और लागत सहित वसूल किया जाएगा।

दिनांक: 13-03-2026 स्थान: बिलासपुर

हस्ताक्षरकर्ता: अधिकृत अधिकारी, होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड



# घर की छत पर भी उग सकता है दुनिया का सबसे महंगा फल

**बेंगलुरु।** भारत में एक बेहद खास और महंगा फल इन दिनों चर्चा में है। यह फल है मियाज़ाकी, जिसे दुनिया के सबसे महंगे आमों में गिना जाता है। हाल ही में कर्नाटक के तटीय जिले उडुपी में रहने वाले एक शौकिया माली जोसेफ लुबो ने इसे अपने घर की छत पर उगाकर सबको चौंका दिया। उनकी यह सफलता इसलिए खास है, क्योंकि आमतौर पर इतने महंगे और दुर्लभ फलों को बड़े बागानों में उगाया जाता है। लेकिन, लुबो ने यह साबित कर दिया कि अगर सही देखभाल और धैर्य हो तो शहरों में छोटी जगह पर भी ऐसे फल उगाए जा सकते हैं।

### जापान से आया यह खास आम

मियाजाकी आम की शुरुआत जापान से हुई है। इस आम की सबसे बड़ी खासियत इसका गहरा लाल रंग और बेहद मीठा स्वाद है। इसका टेक्सचर भी काफी क्रीमी और मुलायम होता है, जिसकी वजह से यह दुनिया के सबसे प्रीमियम फलों में शामिल हो गया है। अंतरराष्ट्रीय लग्जरी फलों के बाजार में इसकी कीमत बेहद ज्यादा होती है। कई रिपोर्ट्स के अनुसार इसकी कीमत करीब 2.5 लाख रुपए प्रति किलो तक पहुंच सकती है। कुछ खास मामलों में यह कीमत 3 लाख रुपए प्रति किलो तक भी बताई जाती है। इसी वजह से इसे अक्सर 'सूरज के अंडे' भी कहा जाता है।

### मियाजाकी आम उगाने के लिए धैर्य जरूरी

विशेषज्ञों के मुताबिक आम के पौधे को फल देने में कुछ साल लग सकते हैं। इसलिए, बागवानी करने वालों को धैर्य रखना जरूरी है। पौधों को समय-समय पर पोषक तत्व देना और प्राकृतिक तरीके से कीटों से बचाव करना भी जरूरी होता है।



अगर पौधे को पर्याप्त धूप और सही मिट्टी मिलती रहे तो कुछ साल बाद अच्छे फल मिलने की संभावना बढ़ जाती है।

### छत पर खेती का अनोखा प्रयोग

जोसेफ लुबो ने इस आम को अपने घर की छत पर उगाने का प्रयोग किया। उन्होंने पौधे की देखभाल उसी तरह की जैसे दूसरे फलों के पेड़ों की की जाती है। हालांकि, उन्होंने मिट्टी की गुणवत्ता, पोषण और पानी देने के समय का खास ध्यान रखा। कई सालों की मेहनत और इंतजार के बाद आखिरकार पेड़ पर फल लगने शुरू हुए। शुरुआत में लुबो और उनके परिवार ने इसे सामान्य आम समझकर खाया। बाद में एक रिपोर्टर ने इसकी पहचान दुर्लभ मियाजाकी आम के रूप में की।

### बड़े बागानों तक सीमित नहीं

जोसेफ लुबो की कहानी यह दिखाती है कि सही देखभाल और धैर्य के साथ घर की छत पर भी दुर्लभ फलों को उगाया जा सकता है। अगर पौधे को पर्याप्त धूप, पोषण और जगह मिले तो भविष्य में कई शहरी बागवान इस महंगे आम को अपने घरों में उगाने की कोशिश कर सकते हैं। इस तरह मियाजाकी आम सिर्फ बड़े बागानों तक सीमित न रहकर शहरों की छतों तक भी पहुंच सकता है।

---

हाथी मित्रदल और वन अमले ने उठाया सराहनीय कदम

## घायल मिला हाथी, उपचार के बाद गया जंगल की ओर



**जशपुरनगर।** पत्थलगांव वन परिक्षेत्र में सप्ताह भर से विचरण कर रहा दर्जन भर जंगली हाथियों ने अपने दल में अचानक अस्वस्थ हुए एक हाथी अकेला छोड़ दिया। आसपास के ग्रामीण और हाथी मित्रदल और वन अधिकारी ने इस बीमार हाथी का लगभग छह घंटे सघन उपचार किया। इसके पश्चात हाथी धरमजयगढ़ वनमण्डल की ओर चला गया है।

वन विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार विगत दिवस 11 मार्च को प्रातः लगभग 7 बजे दूरभाष के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि पत्थलगांव वन परिक्षेत्र के बीट झक्कड़पुर अंतर्गत ग्राम बुढ़ाडांड के आश्रित ग्राम गयापारा में कृषक मोहर साय राठिया के निजी भूमि पर एक हाथी गिरा हुआ है। सूचना प्राप्त होते ही वन परिक्षेत्र अधिकारी पत्थलगांव कृपा सिंधु पैकरा ने वन अमले के साथ तत्काल मौके पर पहुंचकर स्थल निरीक्षण किया। प्रथम दृष्टया यह प्रतीत हुआ कि हाथी का एक पैर कमजोरी के कारण उठने में असमर्थ था। प्रकरण की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए वन परिक्षेत्राधिकारी द्वारा तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया। इस संबंध में वनमण्डलाधिकारी जशपुर शशि कुमार द्वारा तत्काल उच्चाधिकारियों से संपर्क कर स्थिति की जानकारी दी गई तथा हाथी के उपचार हेतु आवश्यक व्यवस्था सुनिधित की गई। इसके पश्चात सरगुजा जिले के रमकोला से वन्यपाणी विशेषज्ञ पशु चिकित्सक डॉ. अजित पाण्डेय अपनी टीम के साथ पत्थलगांव पहुंचे और हाथी का चिकित्सकीय परीक्षण किया। चिकित्सकीय परीक्षण के उपरांत डॉ. अजित पाण्डेय द्वारा हाथी का आवश्यक उपचार किया गया। उपचार के पश्चात हाथी की स्थिति में धीरे धीरे सुधार हुआ और कुछ समय बाद हाथी स्वयं अपने स्थान से उठकर सुरक्षित रूप से धरमजयगढ़ वनमण्डल चला गया। घटनाक्रम के दौरान वन विभाग की टीम द्वारा पूरे क्षेत्र में सतत निगरानी रखी गई तथा आसपास के ग्रामीणों को सुरक्षित दूरी बनाए रखने की समझाइश दी गई, जिससे किसी प्रकार की जनहानि या अवांछित स्थिति उत्पन्न न हो।

वर्तमान में हाथी सुरक्षित रूप से क्षेत्र से निकलकर जंगल की ओर चला गया है और स्थिति पूर्णतः सामान्य है। वन विभाग द्वारा क्षेत्र के ग्रामीणों से अपील की गई है कि हाथियों की उपस्थिति के दौरान सतर्कता बनाए रखें, भीड़ एकत्रित व करें तथा किसी भी प्रकार की सूचना तत्काल वन विभाग को दें, ताकि समय रहते आवश्यक कार्यवाही की जा सके।

---

# अंतरिक्ष से ऐसा दिखता है हमारा भारत! आईएसएस ने जारी की खूबसूरत तस्वीर

**वॉशिंगटन।** क्या आपने कभी सोचा है कि जब पूरी दुनिया सो रही होती है तब अंतरिक्ष से हमारा भारत कैसा दिखाई देता है? इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन ने सोशल मीडिया पर भारत की कुछ ऐसीतस्वीरें शेयर की हैं, जिन्हें देखकर आप खुश हो जाएंग।. इन तस्वीरों में रात के सन्नाटे के बीच भारत के शहर किसी चमकते हुए सिल्वर और गोल्डन जाल की तरह नजर आ रहे हैं। अंतरिक्ष से हमारा भारत कैसा दिखता है? यह सवाल तो हर किसी के मन में बड़े ही उत्सुकता के साथ आता है। हाल ही में इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन यानी आईएसएस ने भारत की कुछ बहुत ही शानदार और खूबसूरत तस्वीरें शेयर की हैं, जिसमें रात के अंधेरे में भारत के शहर किसी चमकते हुए जाल की तरह नजर आ रहे हैं।

### अरब सागर से हिमालय तक का दृश्य

ISS ने यह तस्वीर तक कैमरे में कैद की जब अंतरिक्ष स्टेशन अरब सागर के ऊपर से होते हुए निकल रहा था। तस्वीर में दक्षिण की तरफ समुद्र का गहरा अंधेरा दिखाई दे रहा है, वहीं तटीय शहरों की रोशनी उससे अलग चम चमाती हुई नजर आ रही है। जैसे-जैसे नजर उत्तर की तरफ जाती है वैसे-वैसे मैदानों की रोशनी धीरे-धीरे कम होती हुई हिमालय के अंधेरे पहाड़ी इलाकों में बदल जाती है।



### शहरों की रोशनी से बना रोशनी का नेटवर्क

सोशल मीडिया पर शेयर की गई तस्वीरों में रोशनी से जगमगाता बड़ा शहर दिखाई दे रहा है, जबकि छोटे कस्बों और गांवों की रोशनी छोटे-छोटे बिंदुओं की तरह दिखाई दे रही है। ऊपर से देखने पर यह पूरा इलाका रोशनी के एक नेटवर्क जैसा दिखता है जहां सड़कें और हाईवे शहरों को आपस में कनेक्ट करते हुए नजर आ रहे हैं।

### वैज्ञानिकों के लिए भी है उपयोगी

आईएसएस से ली गई रात की तस्वीरें सिर्फ खूबसूरत ही नहीं होतीं, बल्कि वैज्ञानिकों के लिए भी बहुत काम की होती हैं। इन्हीं तस्वीरों की सहायता से वैज्ञानिक शहरों के विस्तार, बिजली के इस्तेमाल और पर्यावरण पर कृत्रिम रोशनी के प्रभाव का अध्ययन करते हैं। भारत की रात में चमकती ऐसी तस्वीरें अक्सर सोशल मीडिया पर लोगों को खूब पसंद आती हैं, क्योंकि ऊपर से देखने पर देश के घनी आबादी वाले इलाकों की रोशनी बहुत ही आकर्षक दिखाई देती है।



### कैसे ली जाती हैं ऐसी तस्वीरें

अंतरिक्ष स्टेशन पर मौजूद अंतरिक्ष यात्री स्पेशल डिजिटल कैमरों से तस्वीरें लेते हैं। इन कैमरों में लंबा एक्सपोजर और हाई सेंसिटिविटी लेंस लगा होता है, जिससे रात में भी शहरों की रोशनी साफ-साफ दिखाई देती है। लगभग 400 किलोमीटर की ऊंचाई पर मौजूद आईएसएस पृथ्वी के चारों तरफ करीब 28,000 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चक्कर लगाता है और लगभग 90 मिनट में एक चक्कर पूरा कर लेता है। इस दौरान यह हर दिन लगभग 16 बार पृथ्वी का चक्कर लगा लेता है और शहरों, समुद्रों और मौसम से जुड़ी कई तस्वीरें कैप्चर करता है।

---

# जमीन नहीं, समुद्र के नीचे है दुनिया का सबसे ऊंचा झरना

### जहाजों के नीचे बहता है अदृश्य सैलाब

**लंदन।** अभी तक आपने पहाड़ों से गिरते झरनों के बारे में सुना और देखा होगा, लेकिन क्या आप जानते हैं कि दुनिया का सबसे ऊंचा झरना जमीन पर नहीं बल्कि समुद्र के अंदर छिपा हुआ है? वैज्ञानिकों ने खुलासा किया है कि समुद्र की सतह से लगभग 3,500 मीटर नीचे एक बड़ा अंडरवॉटर वॉटरफॉल बहता है। हैरानी की बात यह है कि इसकी ऊंचाई दुनिया के सबसे ऊंचे झरने एंजल फॉल्स से भी कई गुना ज्यादा है। अभी तक जब भी आपने झरने का नाम सुना होगा तो सबसे पहले दिमाग में पहाड़ों से गिरता हुआ पानी ध्यान में आता होगा। लेकिन, क्या आप जानते हैं कि दुनिया का सबसे ऊंचा झरना जमीन पर नहीं, बल्कि समुद्र के अंदर छिपा हुआ है। वैज्ञानिकों ने ऐसे झरने को खोजा है जो ग्रीनलैंड और आइसलैंड के बीच डेनमार्क स्ट्रेट में समुद्र की सतह से लगभग 3,500 मीटर नीचे एक बड़ा अंडरवॉटर वॉटरफॉल बहता है। सबसे चौंकानी वाली बात यह है कि इसकी ऊंचाई दुनिया के सबसे ऊंचे झरने एंजल फॉल्स से भी कई गुना ज्यादा है।



### कैसे बनता है पानी के अंदर झरना?

यह झरना कोई चमत्कार नहीं ,बल्कि विज्ञान है। यह झरना पानी के घनत्व में अंतर के कारण बनता है। आर्कटिक सागर का पानी बहुत ही ठंडा और खारा होता है जो इसे बाकी समुद्री पानी की तुलना में ज्यादा भारी बना देता है। जब यह भारी और ठंडा पानी ग्रीनलैंड और आइसलैंड के बीच की समुद्री पहाड़ियों से मिलता है तो तेजी से नीचे की ओर भागता है। वैज्ञानिकों ने सोनार और सैटेलाइट टेक्नोलॉजी की सहायता से इसे नापा है। इससे जानकारी मिली है कि हर साल हजारों क्यूबिक किलोमीटर पानी यहां से नीचे गिरता है।

### धरती के लिए कितना जरूरी है यह झरना?

यह झरना पृथ्वी के क्लाइमेट रेगुलेटर के रूप में भी काम करता है। यह झरना अटलांटिक मेरिडियोनल ओवरटर्निंग सर्कुलेशन को चलाने में सहायता करता है जिसे धरती का कन्वेयर बेल्ट कहते हैं। यह गहराई में ठंडे पानी को भेजकर दुनियाभर की गर्मी के वितरण और जलवायु पैटर्न को कंट्रोल करता है।झरने का इतना तेज बहाव होता है कि इसके पानी में कोई जीव नहीं टिक पाता है। लेकिन. फिर भी इसके आसपास का पानी पोषक तत्वों से भरपूर होता है जिससे यह इलाका मछलियों और समुद्री जीवों के लिए काफी फायदेमंद होता है।

---


फिर भी इस कारण खुश है प्रेमी!

## बॉयफ्रेंड को गुलाम बनाकर रखती है पिंजरे में कैद, गले में बांधा पट्टा

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के ब्रिस्बेन शहर में रहने वाली 27 साल की सारा बटन ने अपनी लाइफस्टाइल से सबको चौंका दिया है। सारा अपने 38 साल के बॉयफ्रेंड ब्रैडली को प्रेमी के बजाय एक 'गुलाम' की तरह पिंजरे में कैद कर रखा है, उसके गले में पट्टा बांध दिया है। लेकिन प्रेमी ब्रैडली फिर भी खुश हैं, क्योंकि ये सब वो अपनी मर्जी से कर रहे हैं। साथ ही इस काम के बदले सारा उन्हें बाकायदा हर महीने सैलरी भी देती हैं। इस सैलरी के बदले ब्रैडली को सारा के घर की सफाई करनी होती है, खाना बनाना होता है और सारा की हर छोटी-बड़ी जरूरत का ख्याल रखना पड़ता है। यहां तक कि सारा जब दूसरे मर्दों के साथ डेट पर जाती हैं तो ब्रैडली उनके बैग उठाते हैं और एक नौकर की तरह उनकी सेवा करते हैं।

---

## भारत का सबसे बड़ा हिरण! 500 किलो तक वजन



**नई दिल्ली।** भारत के हरे-भरे जंगलों में कई अजीबो-गरीब, विचित्र पशु-पक्षी पाए जाते हैं। ये ताकतवर होने के साथ ही शातिर और कुशल शिकारी भी होते हैं। ऐसा ही एक हिरण पाया जाता है, जिसे भारत का सबसे बड़ा हिरण कहा जाता है। नाम है सांभर हिरण. सांभर हिरण अपनी ताकत, चालाकी और विशाल कद के कारण खासा मशहूर है। इसे भारत का सबसे बड़ा हिरण माना जाता है। बिहार सरकार का पर्यावरण एवं वन विभाग सांभर हिरण के बारे में विस्तार से जानकारी देता है। सांभर हिरण का वैज्ञानिक नाम रूसा यूनिकलर है, जो न केवल आकार में बड़ा होता है, बल्कि खतरे में पड़ने पर इसके द्वारा अपनाए जाने वाले पैंतरे भी कमाल के होते हैं, जिसे देखकर शिकारी भी डर जाते हैं। सांभर का शरीर गहरे भूरे रंग का होता है, जिस पर झबरीले बाल होते हैं। नर सांभर के सींग बड़े, मजबूत और फैलावदार होते हैं, जो इसे अन्य हिरणों से अलग पहचान देते हैं। मादा सांभर नर से छोटी और हल्के रंग की होती है। कंधे तक इसकी ऊंचाई 102 से 160 सेंटीमीटर तक होती है और वजन 100 से 350 किलोग्राम तक होता है।


---

## बर्फ से निकला जिंदा'दिमाग!



**बर्लिन।** विज्ञान की दुनिया में एक ऐसा प्रयोग सामने आया है जिसने लंबे समय से चली आ रही परिभाषा को बदलने की तैयारी कर ली है! जर्मनी के वैज्ञानिकों ने पहली बार फ्रीज किए गए चूहे के दिमाग के हिस्सों को फिर से एक्टिव करने में बड़ी सफलता हासिल कर ली है। यह रिसर्च आने वाले समय में दिमाग से जुड़ी बीमारियों के इलाज और अंगों को लंबे समय तक सुरक्षित रखने की दिशा में बड़ी भूमिका निभा सकता है।

क्या होगा अगर हम समय को ही रोक सकें? तो फिर क्या मौत सिर्फ एक पॉज बटन बनकर रह जाएगी? हॉलीवुड की फिल्मों में आपने यह जरूर देखा होगा कि कैसे इंसानों को दशकों तक बर्फ में जमाकर रखते हैं और फिर वे जिंदा हो जाते हैं।












हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादकः प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com